वर्षः 7- अंकः 26, मुंबई, शुक्रवार, 03 मार्च, 2017 , मूल्यः1 रु. ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त
अब हर सच होगा उजागर

# आलिया को धमकी

## स्ट्रगलर ही निकला धमकी देने वाला, गिरफ्तार





आदिल खान

**मुंबई।** फिल्म मेकर महेश भट्ट को फोन करके उनकी एक्ट्रेस बेटी आलिया भट्ट और पत्नी सोनी राजदान को जान से मारने की धमकी देने वाले शख्स को मुंबई और यूपी पुलिस ने लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी संदीप साहू ने महेश भट्ट को फोन करके 50 लाख रुपये की मांग की थी। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**




## साकीनाका पुलिस की देखरेख में चल रहा है

# ओपा बार एंड कैफे ?

**कल पढ़ें**


**ओपा बार एंड कैफे का मालिक किस भ्रष्ट अधिकारी को देता है कितना हफ्ता?**

सुमबुल मदनी

**मुंबई** । अंधेरी पूर्व के साकीनाका इलाके का ओपा बार एंड कैफे इन दिनों काफी सुर्खियो में है और इसके चर्चे मनपा कार्यालय से लेकर पुलिस कार्यालयों में होने लगी है। क्योंकि हमने अपने पूर्व अंक में पाठकों को इस बात की सूचना दी है कि अंधेरी (पूर्व) के साकीनाका क्षेत्र में पेनिनसुला ग्रॉंड होटल के ऊपर अवैध रुप से चल रहे ओपा बार एंड कैफे को मनपा और पुलिस **(शेष पृष्ठ 5 पर)**



मनपा आयुक्त अजोय मेहता



मुं. पुलिस कमिश्नर दत्तात्रय पडसलगिकर




## ओपा बार एंड कैफे पर क्यूं नहीं पड़ती मुंबई पुलिस और मनपा आयुक्त की नजरें?

**आवश्यक सूचना**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि **'दैनिक मुंबई हलचल'** के नाम पर अगर कोई भी व्यक्ति आपसे किसी भी तरह का 'व्यवहार' करता है तो इसकी पुष्टि के लिए इस नंबर पर संपर्क करें।।
**(9619102478)**



# हाफिज के बाद दाऊद की घेराबंदी

सलीम

**मुंबई।** भारतीय जांच एजेंसियां हाफिज सईद के बाद अब अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम को घेरने की तैयारी कर रही है। यदि सूत्रों पर यकीन करें तो भारत की ताजा कोशिशों ने दाऊद इब्राहिम के लिए पाकिस्तान में मुश्किलें बढ़ा दी हैं। जमायत-उद-दावा के मुखिया हाफिज सईद के बाद अब भारतीय जांच एजेंसी कराची में दाऊद की मौजूदगी और पाकिस्तान सरकार के ठोस कदम के लिए दबाव बनाने का काम कर रही है। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**

**दाऊद इब्राहिम के घर का नम्बर-**
**+92-2135871639**
यह फोन नंबर दाऊद इब्राहिम की पत्नी माहजबीन शेख के नाम से पाक के कराची शहर से रजिस्टर्ड है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर


# मराठी की अनिवार्यता से पूर्व कानून में संशोधन करें-हाईकोर्ट

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने ऑटोरिक्शा परमिट प्राप्त करने के लिए मराठी भाषा जानने की अनिवार्यता से जुड़ी शर्त को अवैध बताया है। हाईकोर्ट ने साफ किया है कि परिवहन विभाग ऐसी शर्त परिपत्र के आधार पर नहीं लगा सकता है। इसके लिए सरकार को नियम तैयार करने होंगे। सरकार नियम बनाकर व कानून में संशोधन करके ही भाषा को जानने की अनिवार्यता से जुड़ी शर्त को लागू कर सकती है। सरकार ने 2015 को सभी क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों( आरटीओ) को परिपत्र जारी कर साफ किया था कि परमिट के लिए आवेदन करनेवाले लोगों के लिए मराठी भाषा का ज्ञान अनिवार्य किया गया है। सरकार के इस परिपत्र के खिलाफ मुंबई के कई रिक्शा संगठनों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इस पर सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति अभय ओक व न्यायमूर्ति अनूजा प्रभुदेसाई की खंडपीठ ने बुधवार को यह फैसला सुनाया। खंडपीठ ने कहा कि कोई मराठी भाषा नहीं जानता सिर्फ इस आधार पर उसे ऑटोरिक्शा का परमिट हासिल करने के लिए अपात्र न माना जाए। फैसला सुनाते समय हाईकोर्ट ने ऑटोरिक्शा चालकों द्वारा यात्रियों के साथ किए जानेवाले अशिष्ट व्यवहार के पहलू को भी गंभीरता से लिया है। खंडपीठ ने सरकार को प्रवासियों के साथ अभद्र व्यवहार करनेवाले रिक्शा चालकों के खिलाफ शिकायत के लिए दो महीने के भीतर व्यवस्था बनाने का निर्देश



दिया है। इसके अलावा परिवहन विभाग रिक्शा ड्राइवरों को बैच लगाने के साथ ही आई कार्ड लगाना भी अनिवार्य करे। इस संबंध में शिकायत करने के लिए खंडपीठ ने सरकार को 24 घंटे काम करनेवाले कॉलसेंटर,वाट्सएप नबंर जारी करने व ईमेल की सुविधा उपलब्ध कराने को कहा है। ताकि लोग आसानी से अधिकारियों तक शिकायत पहुंचा सके। खंडपीठ ने कॉलसेंटर को स्थानीय पुलिस स्टेशन से जोड़ने का भी निर्देश दिया। ताकि लोगों को तुरंत सहायता मिल सके। लोगों की शिकायत पर क्या कार्रवाई की गई इसका ब्यौरा परिवहन विभाग अपनी वेबसाइट पर अपलोड करे। परिवहन विभाग लोगों को शिकायत करने के लिए बनाई गई व्यवस्था का प्रचार-प्रसार करे। ताकि लोग उसके बारे में जान सके और उसका इस्तेमाल कर सके। खंडपीठ ने कहा कि सरकार को शिकायत के लिए बनाई गई व्यवस्था को लेकर 3 मई तक हलफनामा दायर करने को कहा है।

# मनपा चुनाव में बड़ी हार पर तय हो जिम्मेदारी



**मुंबई।** मुंबई महानगर पालिका चुनाव में कांग्रेस को मिली करारी हार के बहाने पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद गुरुदास कामत ने मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष संजय निरूपम को एक बार फिर से निशाने पर लिया है। बुधवार को कामत ने कहा कि मुंबई में कांग्रेस की बड़ी हार की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मनपा चुनाव में हुई पराजय को लेकर निरूपम मीडिया और पार्टी नेतृत्व के सामने झूठे बयान न दें। कामत ने निरूपम से पार्टी की कार्यकारिणी की बैठक बुलाने का अनुरोध किया है।कामत ने कहा कि बैठक बुलाकर मनपा चुनाव के लिए अपनाई गई रणनीति पर समीक्षा होनी चाहिए। साथ ही पार्टी की हार को लेकर हर पहलू पर विश्लेषण किया जाना चाहिए। सबके सामने सच्चाई उजागर होनी चाहिए। यह प्रक्रिया पार्टी के हित के लिए अत्यंत आवश्यक है। कामत ने कहा कि पार्टी की बैठक बंद कमरे या फिर किसी बड़े सभागृह में बुलाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि कार्यकारिणी की बैठक पार्टी के कार्यकताओं के सामने खुले मैदान में भी ली जा सकती है। इससे पार्टी के कार्यकताओं में भ्रम में नहीं रहेगा और वे अपना मन बना सकेंगे। कामत ने कहा कि इस बैठक में कांग्रेस के महासचिव व प्रदेश प्रभारी मोहन प्रकाश को भी बुलाया जाना चाहिए।

# बिना आधार कार्ड के अब नहीं बुक हो सकेगा ऑनलाइन रेल टिकट

**मुंबई।** टिकटों की बुकिंग में होने वाली ठगी और धांधली को रोकने के लिए रेलवे जल्द ही आधार बेस्ड ऑनलाइन टिकटिंग सिस्टम शुरू करेगा। गौरतलब है कि वरिष्ठ नागरिकों को रियायती टिकट लेने के लिए आधार कार्ड एक अप्रैल से अनिवार्य किया जा रहा है। पिछले तीन महीने से इसका ट्रायल चल रहा है रेलमंत्री सुरेश प्रभु ने गुरुवार 2017-18 का नया बिजनेस प्लान सामने रखा। इसके तहत आधार बेस्ड टिकटिंग सिस्टम के बारे में बताया गया। यही नहीं रेलले कैशलेस टिकटिंग सिस्टम भी लागू करेगा जिसके तहत 6 हजार पीओएस मशीन और एक हजार ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन देशभर में लगाई जाएंगी। मई में रेलवे एक इंटीग्रेटेड टिकटिंग ऐप भी लांच करेगा जो कैशलेश ट्रांजैक्शन को बढ़ावा देने में मददगार साबित होगा। रेल मंत्रालय के अफसरों ने बताया कि आधार नंबर आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन के लिए जरूरी होगा।

# स्कूल ने एडमिट कार्ड नहीं दिया तो छात्र ने कर ली आत्महत्या

**मुंबई।** शहर के नालासोपारा ईस्ट इलाके में रहने वाले 17 साल के दसवीं के एक स्टूडेंट ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। परिजनों का कहना है कि, स्कूल ने एग्जाम के लिए एडमिट कार्ड देने से मना कर दिया था। जिससे हताश उसने यह कदम उठाया है। मां का कहना है- स्कूल ने मारा बच्चे को. नालासोपारा के रहने वाले प्रवीण जाधव ने सोमवार देर रात अपने घर में पंखे से लटक कर सुसाइड कर लिया था। बेटे की मौत के बाद प्रवीण की मां ने कांचन हाईस्कूल पर आरोप लगाया है कि, प्रवीण को 10वीं की परीक्षा में बैठने के जरुरी हॉल टिकट( एडमिट कार्ड ) स्कूल ने देने से मना कर दिया जिसकी वजह से वो बेहद परेशान चल रहा था। हमने भी स्कूल प्रशासन से कई बार गुजारिश की, लेकिन उन्होंने हमारी एक न सुनी, हारकर मेरे बेटे ने सुसाइड करने का फैसला लिया। इन आरोपों पर स्कूल का कहना है कि, अब तक उनके स्कूल ने किसी भी छात्र को एडमिट कार्ड दिया ही नहीं है, फिर किसी स्टूडेंट को मना करने का प्रश्न ही नहीं उठता है। प्रवीण 9वीं क्लास में फेल हो गया था और वो 17 नंबर का फॉर्म भरकर प्राइवेट तरीके से 10वीं की परीक्षा दे रहा था। प्रवीण के पिता



ने स्कूल की इस सफाई को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि, स्कूल प्रशासन ने तीन सौ रुपये फीस बकाया होने के कारण बेटे का हॉल टिकट रोक लिया था। इतना ही नहीं भरी क्लास में उसे पैसों के लिए बेइज्जत तक किया गया। नालासोपारा की तुलींज पुलिस दोनों पक्षों से बयान लेकर मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने इस मामले में अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-दिलशाद एस.खान द्वारा एस.आर.प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को.ऑ.हॉ.सो.बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस. वी.रोड,मालाड (प.) मुंबई से प्रकाशित RNI NO.MAHHIN/2010/34146, फोन:9619102478 /9769659975 कार्यकारी संपादक - सी. हरीश
email: mumbaihalchal@gmail.com संपादक: **दिलशाद एस.खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# बीजेपी ने देशभक्ति का मुखौटा पहन रखा है

**मुंबई।** केंद्र सरकार में बीजेपी की सहयोगी दल शिवसेना ने कहा है कि बीजेपी ने देशभक्ति का मुखौटा पहना रखा है, जो कि घातक है। शिवसेना के मुखपत्र 'सामना' के संपादकीय में यह बात कही गई है। सामना में कहा गया है कि राजनीति में अपनी सुविधा के लिए बीजेपी ने देशभक्ति की जो गड़बड़ी कर रखी है, वह चिंताजनक है।

शिवसेना ने कहा कि उसका कांग्रेस के साथ आना अगर अभद्र गठबंधन कहा जाएगा तो जम्मू-कश्मीर मे पाक प्रेमी महबूबा मुफ्ती के साथ सत्ता सुख लेना कम दरिद्र गठबंधन तो माना जाए।


शिवसेना ने कहा कि बीजेपी देशभक्ति की व्याख्या अपनी जरूरत के अनुसार कर रही है। सामना के संपादकीय में लिखा गया है, 'नोटबंदी का विरोध करनेवाले भ्रष्ट या देशविरोधी हैं, यह सरकारी कथन है, पर नोटबंदी के बाद भी सीमा पर जवानों का बलिदान रुका नहीं है और सरकार असफल साबित हुई, यह कौन-सी देशभक्ति का लक्षण है?

### वोटों से तय नहीं होती देशभक्ति

सामना में कहा गया है, 'वोटों के आंकड़ों पर ही अगर देशभक्ति की व्याख्या तय होने लगी तो देश मे विकट काल आने की शुरूआत हो गई, यह मानने मे हर्ज नही। अफजल गुरु के समर्थन मे नारे देना अगर देशद्रोह माना जाता हो तो सैनिकों की पत्नियों का बेहद निचले स्तर पर जाकर अपमान करने वाले भाजपा के विधायक का अपराध कम से कम संगीन अपराध तो माना जाए।'

शिवसेना ने बीजेपी की तीखी आलोचना जारी रखते हुए कहा है, 'बीजेपी की नजर मे जेएनयू का नेता कन्हैया यह पक्का देशद्रोही है, पर महाराष्ट्र के भाजपा के विधायक प्रशांत परीचारक बिलकुल देशद्रोही नहीं हैं। देशभक्ति का एकाधिकार किसी एक ही व्यक्ति या के पास नहीं हो सकता।'


## मुंबई की पत्नियां करा रही थीं पति की जासूसी, 4 पकड़े गए



**मुंबई।** देश की मायानगरी की काफी महिलाएं प्राइवेट डिटेक्टिव एजेंसियों से अपने पतियों की जासूसी करवा रही हैं। यह सनसनीखेज खुलासा मुंबई क्राइम ब्रांच द्वारा कॉल डेटा रिकॉर्ड लीक मामले की अब तक की जांच में सामने आया है। क्राइम ब्रांच ने इस केस में अब तक 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है पर इन आरोपियों को जिस पुलिस अधिकारी के जरिए यह सीडीआर मिला, उसकी गिरफ्तारी अभी होनी है। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में शक की सुई राजस्थान के एक सब-इंस्पेक्टर पर जा रही है। यह सब- इंस्पेक्टर दिल्ली पुलिस के एक केस में भी वॉन्टेड है।

## शनिवार और रविवार को मुंबई में हो सकती है पानी की किल्लत

**मुंबई।** शनिवार और रविवार को मुंबई वासियों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ सकता है। नगर निगम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि भांदुपुर पंप स्टेशन पर पाइव बदलने जा रही है जिसकी वजह से शनिवार और रविवार को लोगों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। जानकारी के मुताबिक पाइप के बदलाव का कार्य शनिवार सुबह 9 बजे से शुरू होगा जो मध्यरात्री एक बजे तक चलेगा। इस दौरान करीब 16 घंटों तक मुंबई के ए



सी डी जी(दक्षिण), जी,(उत्तरी) के इलाकों में करीब 20 फीसदी पानी कम पहुंचेगा। इसके अलावा दक्षिण मुंबई के इलाके यानी बांद्रा से दहिसर तक भी 20 फीसदी पानी की कटौती होगी। निगम द्वारा जनता को सुझाव दिया गया है कि इस दौरान अपने घर में पर्याप्त पानी की व्यवस्था रखें।

# पुराने नोट बदलकर देने वाले गिरोह में पुलिसकर्मी शामिल

**मुंबई।** नोट बंदी के बाद पुराने नोट बदलवाकर देनेवाले गिरोह में पुणे शहर पुलिस दल के एक पुलिस उपनिरीक्षक समेत पांच कर्मी शामिल होने की सनसनीखेज घटना उजागर हुई है। उक्त पांचों की वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जांच शुरू कर दी गई है। घटना से एक ही खलबली मच गई है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने 8 नवंबर 2016 को पूरे देश में 500 और 1000 रुपए के नोटों पर पाबंदी लगाई। उसके बाद पूरे देश में पुराने नोट कमीशन पर बदलवाकर देनेवाले गिरोह सक्रिय हुए।

देश के अलग अलग राज्यों में कई गिरोहों का पुलिस ने पदार्फाश भी किया और बड़े पैमाने पर



नोट जब्त किए लेकिन पुणे में ऐसे एक गिरोह में कोथरूड़ पुलिस थाने के पुलिस उपनिरीक्षक समेत अन्य चार कर्मियों के शामिल होने की बात अब जाकर सामने आई है। दरअसल यह घटना एक महीने पहले की है लेकिन इन कर्मियों ने इसकी कानो कान खबर नहीं होने दी। सूत्रों के मुताबिक 2 फरवरी को कोथरूड़ स्थित शिवाजी पुतला परिसर से चार व्यापारियों के 82 लाख रूपए रखी हुई कार उक्त पुलिस उपनिरीक्षक ने जब्त की। उस समय वहां थाने के जांच पथक का एक कर्मी भी उपस्थित था। उक्त कार को पुलिस थाने ले जाया गया। उसके बाद पुलिस उपनिरीक्षक ने अन्य चार कर्मियों से मिलीभगत कर स्टेशन डायरी में 82 लाख रुपए के बजाय 20 लाख रुपए ही जब्त करने की बात दर्ज की लेकिन इस संदर्भ में नहीं कोई मामला दर्ज किया गया और नहीं किसी व्यापारी को गिरफ्तार किया गया।

# पैर खोने के बाद भी नहीं छोड़ी डॉक्टर बनने की चाहत

**मुंबई।** जोगेश्वरी में रहने वाली 24 वर्षीया रोशन जव्वाद ने साल 2008 में एक रेल दुर्घटना में अपने दोनों पांव खो दिए थे लेकिन अपने नाम के आगे डॉक्टर लगाने और मेडिसिन की पढ़ाई करने के लिए वह हाई कोर्ट तक चली गईं। रोशन के पिता जव्वाद शेख एक सब्जी विक्रेता हैं जबकि मां अंसारी खातून एक गृहणी हैं।

मंगलवार को हुए कॉन्वोकेशन में रोशन को टइइर की डिग्री प्रदान की गई। भयानक रेल दुर्घटना झेलने के नौ साल बाद रोशन अपने परिवार में पहली डॉक्टर बन चुकी हैं। रोशन पहले से ही काफी प्रतिभावान छात्रा रही हैं। उन्होंने दसवीं में 92.15 पर्सेंट नंबर पाए थे लेकिन दसवीं पास करने के कुछ दिन बाद ही एक रेल



दुर्घटना में उन्होंने अपने दोनों पांव खो दिए। उस समय रोशन अपनी परीक्षा के बाद मुंबई लोकल से बांद्रा से अपने घर आ रही थीं। लेकिन अंधेरी स्टेशन के पास वह भीड़ भरी ट्रेन से गिर गईं और उनके पांव ट्रेन के नीचे आ गए। इस दुर्घटना के बाद रोशन को दोबारा पढ़ाई शुरू करने में एक साल का समय लग गया।

हमारे सहयोगी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया से बात करते हुए रोशन ने कहा, 'मैं अल्लाह की शुक्रगुजार हूं कि मैं अपनी पढ़ाई जारी रख सकी। टइइर पूरी करने के बाद अब मैं टऊ की प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रही हूं। मैं आजमगढ़ में अपने पैत्रक गांव में एक हॉस्पिटल खोलना चाहती हूं क्योंकि वहां अच्छा अस्पताल नहीं होने के कारण लोगों को इलाज में समस्या का सामना करना पड़ता है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### अभिव्यक्ति का चरम

**देश** में इन दिनों राष्ट्रवाद व देशभक्ति की धूम कुछ ज्यादा ही मची हुई है। देश की राजधानी दिल्ली से शुरु हुआ यह विवाद देश के कई शिक्षण संस्थाओं में पहुंच चुका है। बड़े-बड़े राजनेता व सेलिब्रिटी इस विषय पर अपने मंतव्यों की झड़ी लगा रहे हैं। हम बात कर रहे हैं इन दिनों दिल्ली युनिवर्सिटी की बहुचर्चित छात्रा गुरमेहर कौर की जिसकी मूर्खता की वजह से राजनेता, छात्रनेता, फिल्मी कलाकार, खिलाड़ी व अन्य कई नंगे हो गए। गुरमेहर का यह कहना कि उसके पिता को पाकिस्तान ने नहीं, युद्ध ने मारा। तो क्या वह युद्ध हमने एलियन से लड़ा था जिसकी कोई पहचान नहीं । इसका जवाब भी किसी क्रिकेटर ने दिया कि रन मैंने नहीं, मेरे बल्ले ने बनाए थे। इस पर उसकी खासी आलोचना हुई। यह कैसी राजनीति है? गुरमेहर की बेवकूफी की सजा पूरा देश भुगते तो राष्ट्रवाद नहीं। फिर इस मुद्दे पर जिसमें छात्र संगठन जुड़े हों, उसमें राजनीति दलों का कूद पड़ना क्या न्यायोचित है? इससे अलग यह कि सोशल मीडिया पर बड़े-बड़े दिग्गजों के जुमलो जुकाम ने पूरे देश का माहौल गंदा कर दिया है। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर जहां प्रधानमंत्री तक की मां-बहन-बीबी कर दी जाते हो उनकी तस्वीर पर जूते बरसाए जाते हों, उन्हें हिजड़ा और साला जैसी गालियां दी जाती हो, उस देश में अभिव्यक्ति की और कितनी आजादी चाहिए? अभी चुनाव के माहौल में लगभग सभी दलों के नेताओं ने अपने भाषणों में जितनी मर्यादाए तोड़ी, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। यह अभिव्यक्ति की आजादी का चरम नहीं तो और क्या है? हम फिर गुर मेहर पर आते हैं। हमारे ख्याल से उसने जिस अंदाज से मीडिया पर अपने फोटो को जारी किया वह एकदम से प्रायोजित ही प्रतीत होता है। लगता है जैसे उसने इसकी तैयारी पहले से करके रखी हो। फिर कुछ सनसनी फैला कर अपने कुनबे में दुबक जाए और हुआ भी वैसा ही। रेप की धमकी से डरी करगिल शहीद जवान की यह बहादुर बेटी पहले तो दिल्ली से गायब हो गई लेकिन अचानक पकट हो कर दिल्ली आकर पढ़ाई करने की इच्छा जताने लगी। उसके इस अंदाज को अब क्या समझा जाए यह तो अब कोई बेवकूफ भी समझ सकता है लेकिन इससे पहले जिन-जिन सेलिब्रिटीज ने सोशल मीडिया पर अपनी नासमझी से भरी घिनौनी उल्टियों की बौछार कर पूरे देश का माहौल गंदा करने में कोई कसर न बाकी छोड़ रखी उनकी बुद्धि पर तरस आता है। क्योंकि उन्हें गुरमेहर ने नहीं, उनके गुरुर ने उनका जमीर मार डाला था। बेवजह की धमाचौकड़ी में वे कूद पड़े थे।

**- दिलशाद खान**

## सुविचार

बुद्धिमान वही है, जो पुरे संकल्प से कार्य को निपटाना जानता हो।

# भरोसा जीतने की निर्णायक जंग

चंडीगढ़, गुजरात, ओडिशा, महाराष्ट्र, आदि जगहों पर स्थानीय निकायों के चुनावों में मिली अप्रत्याशित सफलता से भाजपा के हौसले बुलंद हैं, लेकिन जैसे-जैसे उत्तर प्रदेश के चुनाव आगे बढ़ रहे हैं उसके समेत अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं केदिलों की धड़कनें बढ़ती जा रही हैं। उत्तर प्रदेश के चुनावों में नई-नई प्रवृत्तियों का उभार देखा जा रहा है। यह अनुमान लगाना कठिन हो रहा है कि ऊंट किस करवट बैठेगा। चुनाव के प्रथम चरण में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बसपा के उभार और जाटों की रालोद में वापसी के संकेत मिले थे। ये ऐसी प्रवृत्तियां थीं जिसने सपा-कांग्रेस गठबंधन और भाजपा, दोनों को नुक्सान पहुंचाने का काम किया होगा। मायावती ने जब दलित-मुस्लिम सोशल इंजीनियरिंग की शुरूआत की थी तब ऐसा नहीं लग रहा था कि मुस्लिम सपा को छोड़ कर बसपा की ओर रुख करेंगे, लेकिन पसमांदा मुस्लिमों का एक वर्ग धीरे-धीरे उनकी ओर आकृष्ट होता गया। यद्यपि सपा-कांग्रेस गठबंधन से मुस्लिम मतों का बंटवारा कुछ रुका, लेकिन मुस्लिम धर्मगुरुओं की अपील और अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ओल्ड बॉयज एसोसिएशन की सक्रियता से काफी मुस्लिम मायावती की ओर खिसक गए। यह प्रवृत्ति पूरे प्रदेश में देखी जा रही है। जाटों का एक बड़ा वर्ग मुज्जफ्फरनगर दंगों के बाद रालोद के नेता अजित सिंह से नाराज होकर भाजपा की तरफ चला गया था, लेकिन आरक्षण पर जाट-आंदोलन की वजह से और जाट-मुस्लिम सुलह से एक बड़ा वर्ग फिर से उसकी ओर लौट आया। माना जाता है कि जिन विधानसभाओं में रालोद ने चुनाव नहीं लड़ा और जहां रालोद प्रत्याशी कमजोर था वहां को छोड़कर अधिकतर जाटों ने रालोद के पक्ष में मतदान किया और इससे भाजपा को नुकसान पहुंचा।

दूसरे चरण में रूहेलखंड में मुस्लिम फैक्टर प्रमुख था। प्रदेश में 19 फीसद मुस्लिम जनसंख्या के मुकाबले इस क्षेत्र के 11 जिलों की 67 विधानसभा क्षेत्रों में मुस्लिम जनसंख्या औसतन 34 फीसद है। शायद इसीलिए इस क्षेत्र में बसपा ने अनारक्षित सीटों का 53 फीसद और सपा-कांग्रेस ने 58 फीसद मुस्लिम उम्मीदवार उतारे। रालोद ने भी 15 मुस्लिम प्रत्याशी खड़े किए। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी मजलिस-इ-इत्तिहादुल-मुसलमीन ने 11 और डॉ अयूब की पीस-पार्टी ने 10 मुस्लिम प्रत्याशी खड़े किए। पिछले चुनावों में पीस-पार्टी चार और मिल्लत-कौंसिल भोजीपुरा (बरेली) की सीट जीत चुकी है इसलिए इन्हें मात्र वोट-कटवा पार्टी नहीं कहा जा सकता। इससे रूहेलखंड में एक ओर मुस्लिम मतों के लिए मारामारी दिख रही थी जिससे मुस्लिम मतों का बंटवारा निश्चित था, वहीं दूसरी ओर यह सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को भी जन्म दे रही थी जो भाजपा के लिए अनुकूल थी। तीसरे चरण में लड़ाई ह्ययादव-लैंडह्न में थी जिसमें सपा और मुलायम के गढ़ मैनपुरी, इटावा, कन्नौज, औरैया, सीतापुर, हरदोई और कानपुर देहात समेत 12 जिलों के 69 विधानसभा क्षेत्र थे। यह इलाका सपा के लिए इसलिए महत्वपूर्ण था, क्योंकि इसमें लगभग 80 फीसद सीटें उसके पास थीं, लेकिन शिवपाल यादव बनाम अखिलेश यादव की कलह ने यहां खूब रंग दिखाया। शिवपाल जसवंतनगर से सपा प्रत्याशी हैं। जानकारों का मानना है कि रालोद के जो 40 प्रत्याशी इस क्षेत्र से लड़े उनमें अधिकतर शिवपाल प्रायोजित थे और उन्होंने सपा के यादव वोट काटे। इसके अलावा अति-पिछड़ी जातियों को भी भाजपा के रूप में एक वैकल्पिक मंच मिल गया, क्योंकि भाजपा ने उनको बड़ी संख्या में टिकट दिया और उनके नेताओं केशव प्रसाद मौर्य, स्वामी प्रसाद मौर्य और अनुप्रिया पटेल को शीर्ष नेतृत्व में स्थान मिला। सपा के जनाधार यादव-मुस्लिम से कुछ मुस्लिमों को मायावती ने आकृष्ट किया। इस चरण में केवल सपा के पास ही खोने को था, क्योंकि बसपा के पास केवल छह और भाजपा के पास पांच सीटें थीं। सपा मात्र 29 फीसद मतों पर बनी सरकार थी और यदि इससे थोड़ा भी यादव और मुस्लिम वोटर खिसक गया तो सपा की सत्ता में वापसी पर प्रश्नचिन्ह लग जाएगा।

चौथा चरण उस क्षेत्र में था जिसे हम पूर्वांचल के प्रवेश द्वार के रूप में जानते हैं अर्थात इलाहबाद, कौशांबी, फतेहपुर, रायबरेली आदि। इसके साथ इसी चरण में दक्षिण के प्रवेश द्वार बुंदेलखंड (झांसी, जालौन, महोबा, बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, जालौन, ललितपुर) में कुल 12 जिलों की 53 विधानसभा सीटों पर चुनाव थे। इस क्षेत्र में मुस्लिम जनसंख्या का औसत केवल 9.54 फीसद है। यह क्षेत्र कुछ समय से सपा-बसपा का गढ़ रहा है। पिछले विधानसभा चुनाव में बुंदेलखंड में सपा और बसपा दोनों को 26-26 फीसद वोट मिले थे, लेकिन बसपा को केवल 15 और सपा को 26 सीटें मिली थीं। लोकसभा चुनाव में मोदी-लहर का ऐसा असर पड़ा कि न केवल लोकसभा की चारों सीटें भाजपा की झोली में चली गईं, वरन उसे अप्रत्याशित रूप से 45 फीसद मत भी मिले। इस बार भी बुंदेलखंड में भाजपा हर जगह टक्कर में दिखी। इस चरण की एक विशेषता यह भी रही कि समाज के अति-पिछड़े वर्ग का मोदी के प्रति झुकाव साफ दिखाई दिया। पिछले चुनावों में अन्य वर्गों के साथ इस वर्ग ने भी विकास के आर्थिक कारक को आधार बना कर मोदी को वोट दिया था, लेकिन इस बार यह जुड़ाव सामाजिक कारक अर्थात जाति से भी जुड़ गया, क्योंकि बहुत से अति-पिछड़ों को लगता है कि मोदी उनकी जाति के हैं। कहना न होगा कि यह वर्ग प्रदेश में बहुसंख्यक है और यदि यह झुकाव मतों में बदल गया तो भाजपा की मुराद पूरी हो सकती है।

प्रधानमंत्री मोदी की रैलियों में जो भारी भीड़ जुट रही है वह भी एक संकेतक है। इधर उन्होंने रैलियों में अपने सरकार के कामों की मार्केटिंग बहुत अच्छे से की है। वह अपने मतदाताओं से भी ह्यकनेक्टह्न हो जाते हैं। छोटे और सीमांत किसानों के कर्ज को पहली कैबिनेट की बैठक में माफ कराने, किसानों की उपज को सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीदने और फसल बीमा को गंभीरता से लागू कराने की गारंटी देकर उन्होंने किसानों का दिल जीतने का प्रयास किया है, लेकिन सत्ता की कुंजी शायद इस बार पूर्वांचल के मतदाताओं के हाथ में है। सपा-बसपा के पिछले 15 वर्षों के शासन के बावजूद अभी भी यहां का मतदाता विकास के लिए तरस रहा है। उसे और क्षेत्रों के लोगों की तरह ही विकास की दरकार है। पूर्वांचल में 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को लगभग 40 फीसद वोट मिले थे। अभी भी लोगों की विकास की प्यास जस-की-तस है। वे क्या निर्णय लेते हैं यह तो वक्त ही बताएगा, लेकिन यहां सपा के प्रति लोगों की निष्ठा बरकरार है। यद्यपि मुलायम के प्रचार में न निकलने से उन पर कुठाराघात जरूर हुआ है। ऐसा लगता है कि अखिलेश की सपा का कुछ नुकसान राहुल को साथ लेने से हो सकता है। राहुल जब भी बोलते हैं, कांग्रेस-सपा गठबंधन प्रत्याशियों के कुछ वोट कट जाते हैं। देश का औसत मतदाता शालीनता और सकारात्मकता पसंद करता है और उसकी लक्ष्मणरेखा लांघने से नुकसान ही होता है। इधर अखिलेश ने भी प्रधानमंत्री के प्रति अपनी भाषा और अभिव्यक्ति में संतुलन खोया है। यह उनकी छवि के लिए ठीक नहीं। पूर्वांचल के लोग बहुत भावुक हैं। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अभूतपूर्व योगदान दिया, लेकिन बदले में उन्हें केवल उपेक्षा मिली। अंतिम दो चरणों के चुनाव प्रचार की रणनीति को इस परिप्रेक्ष्य में निर्मित करने अर्थात विकास की चाहत को पूरा करने का भरोसा दिलाने में जो सफल होगा, सेहरा उसी के सर बंधेगा।

# पंचायतों में भ्रष्टाचार

मुख्यमंत्री पंचायतों में भ्रष्टाचार पर सख्त हैं। साफ चेतावनी दी है कि भ्रष्ट मुखिया बर्खास्त होंगे। दरअसल पिछले कुछ महीनों से लगातार पंचायतों में अनियमितता की बातें सामने आ रही हैं। पंचायती राज व्यवस्था के तहत ग्राम पंचायतों को पहली बार मिली (पहले यह रकम जिला परिषद को मिलती थी) 14 वें वित्त आयोग की रकम मुखिया ने मनमाने तरीके से खर्च कर दी। इसके जरिए सोलर लाइट, पानी की टंकी आदि खरीद लिए। स्कूलों में पंखे लगवाए और हैंडपंप की मरम्मत कराई। यही नहीं, इन मुखिया ने यह भी नहीं समझा कि किसी भी खरीद के लिए कम से कम शॉर्ट टेंडर का निकालना जरूरी है जबकि, ग्रामीण विकास विभाग के पंचायती राज सचिव ने सभी जिलों को पत्र भेज कर बताया था कि सोलर लाइट की खरीद झारखंड रिन्यूवेबल एनर्जी अथॉरिटी की निर्धारित दर पर ही की जानी है। इसके बाद भी अथॉरिटी की निर्धारित दर क्या, बाजार रेट से भी दोगुने दाम पर घटिया सोलर लाइटें खरीद लीं गईं। 14 वें वित्त आयोग की गाइडलाइन में है कि यह रकम पेयजल पर खर्च नहीं की जाएगी क्योंकि सरकार ने गांवों में पेयजल की व्यवस्था के लिए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को आवंटन दिया है। अधिकतर मुखिया ने रकम पानी टंकी की खरीद और हैंडपंप की मरम्मत पर खर्च कर दी। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि मुखिया समूह को 14 वें वित्त आयोग के दिशा-निर्देशों से अवगत ही नहीं कराया गया। पहली बार जीत कर आए मुखिया की कार्यशाला तक नहीं कराई गई। यह निर्देश जिले के आला अधिकारियों और प्रखंड विकास अधिकारियों की फाइलों में दबी रह गई। इन्हें मुखिया को तब भेजा गया, जब वे खरीद कर चुके थे। 14 वें वित्त आयोग की रकम के दुरुपयोग की जानकारी मिलते ही ग्रामीण विकास विभाग सक्रिय हुआ और उसने इसे रोकने के लिए पिछले साल ही जिलों को पत्र लिखे लेकिन, इसके बाद भी जिलों का प्रशासनिक तंत्र हरकत में नहीं आया। 14 वें वित्त आयोग की रकम पर अब बवाल मचा है। पूरे मामले में सभी जिलों का प्रशासन भी दोषी है। वित्तीय अनियमितता करने वालों के खिलाफ यथाशीघ्र जांच शुरू की जानी चाहिए। यह भी तय किया जाना चाहिए कि इस तरह की घटनाएं भविष्य में न हों। जिला प्रशासन की पारदर्शी मॉनिटरिंग हो। इसका सदुपयोग हो तो विकास की किरणें समाज की अंतिम पंक्ति तक पहुंचनी तय है।

# जल्द यूएस में भी होगा मुंबई यूनिवर्सिटी का कैंपस

**मुंबई।** अपनी स्थापना के 160 वर्षों बाद अब मुंबई यूनिवर्सिटी का जल्द विस्तार होने की संभावना है। आने वाले वक्त में ओहायो, मैनहट्टन या ह्यूस्टन में भी मुंबई यूनिवर्सिटी का कैंपस हो सकता है। पिछले दिनों यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर संजय देशमुख ने यूनिवर्सिटी के इंटरनैशनल कैंपस के लिए यूएस में उचित जगह की तलाश की।

सूत्रों के मुताबिक, मुंबई यूनिवर्सिटी के कैंपस के लिए प्राइम एरिया की तलाश जारी है। वाइस चांसलर ने कुछ जगहों को चिह्नित किया है। फिलहाल कई ऑप्शन्स पर विचार किया जा रहा है। इनमें 24 स्ट्रीट, मैनहट्टन में एक कैंपस और ह्यूस्टन टेक्सास की एक बिल्डिंग भी शामिल है। अगर इन दोनों में से किसी प्रोजेक्ट पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हो पाता है तो ओहायो के अकरॉन स्थित यूनिवर्सिटी में ही अपनी यूनिवर्सिटी की फसिलटी शुरू करने का विकल्प भी मौजूद है। इस जानकारी को पुख्ता करार देते हुए वाइस चांसलर देशमुख ने बताया 'हम इतिहास रचने जा रहे हैं। मुंबई यूनिवर्सिटी का एक कैंपस जल्द अमेरिका में भी होगा।' जानकारी के मुतबिक यह सारी कवायद शिक्षा के क्षेत्र में उभर रहे नए विकल्पों तक अपने स्टूडेंट्स की पहुंच बनाना है।

# साकीनाका पुलिस की देखरेख में चल रहा है ओपा बार एंड कैफे ?

(पृष्ठ 1 का शेष) के किन भ्रष्ट अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है और उन्हें प्रतिमाह कितने रुपयों का हफ्ता मिलता है। बीएमसी और साकीनाका पुलिस स्टेशन में सभी अधिकारी एक-दूसरे को संदेह की नजर से देखने लगे हैं। एक ओर जहां ईमानदार मनपा अधिकारी और पुलिस अधिकारी दबी जुबान से अपने भ्रष्ट सहकर्मियों की इस करतूत पर शर्मिंदगी भरी दलीलें दे रहे हैं तो वहीं दूसरीतरफ भ्रष्ट बीएमसी व पुलिस अधिकारियों के हौसले और बुलंद हो गए हैं और वे दिल खोलकर हफ्ता उगाही में लगे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ओपा बार एंड कैफे को कानूनन किसी भी तरह का परमिशन नहीं दिया गया है फिर भी भ्रष्ट बीएमसी और पुलिस अधिकारियों की देखरेख में यह बैखौफ-बेरोकटोक चल रहा है। इस ओपा बार की हालत यह है कि यहा हुक्काबाजों और शराबखोर जिनमे युवक-युवितयां भी शामिल होती हैं, इतनी संख्या में जमा होते हैं कि उन्हें संभालना मुश्किल हो जाता है। शराब के नशे में सभी धमाचौकड़ी, उछलकूद और डांस करना शुरु कर देते हैं। यह सिलसिला सुबह पाँच, छह बजे तक चलता रहता है। ओपा बार की धमाचौक्ड़ी को स्थानीय पुलिस स्टेशन का संरक्षण प्राप्त होता है क्योंकि साकीनाका पुलिस रुटीन वर्क के तहत यहां तक आती है लेकिन ओपा बार एंड कैफे को नजरअंदाज कर आगे निकल जाती हैष ओपा बार का मालिक और मैनेजर इस प्रकार बिना किसी लाइसेंस और परमीशन के चल रहे अपने इस अवैध बार से प्रतिदिन लाखों रुपयें की कमाई करने में मशगूल है। उसने कानून का डर है, न नियम की परवाह। क्योंकि उसने बीएमसी और पुलिस के अधिकारियों को खरीद लिया है। जिस कारण ओपा बार के खिलाफ कोई कार्रवाई हो ही नही सकती। ऐसा कहना है ओपा बार के मैनेजर का। सूत्रों के अनुसार ऐसा सही भी लगता है क्योंकि इस कदर से धड़ल्ले से अवैध ओपा बार एंड कैफे का नियमित-निरंतर संचालित रहना यह सोचने को मजबूर कर देता है कि बीएमसी और पुलिस को भ्रष्ट अधिकारियों की इसमें मिली भगत है और उनकी ही शह पर ओपा बार में कानून से खिलवाड़ और कायदे की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। पुलिस आयुक्त दत्तात्रय पडसिलगर और मनपा आयुक्त अजोय मेहता की खोमोशी इस मामले मे कब टूटेगी लोगों को इसका इंतजार है।

# मुंबई एवं करमाली / मडगांव के बीच 4 अतिरिक्त होली विशेष गाड़ियां

राधिका यादव

**मुंबई ।** होली त्यौहार हेतु होनेवाली अतिरिक्त भीड-भाड को देखते हुए मध्य रेल ने छत्रपति शिवाजी टर्मिनस एवं करमाली / मडगांव के बीच 4 अतिरिक्त होली त्यौहार हेतु विशेष गाडियॉं चलाने का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

1. छत्रपति शिवाजी टर्मिनस-करमाली-छत्रपति शिवाजी टर्मिनस विशेष (02) 01033 विशेष गाडी दिनांक 10.03.2017 को छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से 23.55 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन 11.00 बजे करमाली पहुंचेगी। 01034 विशेष गाडी दिनांक 11.03.2017 को करमाली से 13.35 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन 00.10 बजे छत्रपति शिवाजी टर्मिनस पहुंचेगी। हॉल्ट : दादर, ठाने, पनवेल, रोहा, मानगांव, खेड, चिपलुन, रत्नागिरी, राजापुर रोड, कनकवली, सिंधुदुर्ग, कुडाल, सावंतवाडी रोड एवं थीवीम संरचनाः 1 वातानुकूलित 2 टियर, 2 वातानुकूलित 3 टियर, 4 शयनयान, 9 सामान्य द्वितीय श्रेणी 2. छत्रपति शिवाजी टर्मिनस-मडगांव-छत्रपति शिवाजी टर्मिनस विशेष (02) 01089 विशेष गाडी दिनांक 12.03.2017 को छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से 23.55 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन 12.00 बजे मडगांव पहुंचेगी। 01090 विशेष गाडी दिनांक 13.03.2017 को मडगांव से 19.40 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन 08.15 बजे छत्रपति शिवाजी टर्मिनस पहुंचेगी। हॉल्ट : दादर, ठाने, पनवेल, रोहा, मानगांव, खेड, चिपलुन, रत्नागिरी, राजापुर रोड, कनकवली, सिंधुदुर्ग, कुडाल, सावंतवाडी रोड एवं थीवीम संरचनाः 1 वातानुकूलित 2 टियर, 2 वातानुकूलित 3 टियर, 4 शयनयान, 9 सामान्य द्वितीय श्रेणी आरक्षणः छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से छुटनेवाली 01033 एवं 01089 पुर्ण आरक्षित विशेष गाडीयों का आरक्षण विशेष शुल्क के साथ दिनांक 05.03.2017 से प्रारंभ होगा।

(पृष्ठ 1 का शेष)

## हाफिज के बाद दाऊद...

इसका नतीजा ये है कि पाकिस्तान ने दाऊद को अंडरग्राउंड रहने और अपने सभी मौजूदा फोन नंबरों को बंद करने के लिए कहा है।पिछले दो साल से चल रही इस कोशिश मे बीते नवंबर में भारत सरकार ने पाकिस्तान को दाऊद इब्राहिम और उसके परिवार से जुड़े करीब 20 लोगों के नाम, फोन नंबर और पते दिए थे। भारत का कहना था कि ये वो पते हैं जिन पर दाऊद ना सिर्फ रहता है बल्कि दिए नंबरों से बात भी करता है। इन फोन नंबरों से साफ हो चुका है कि दाऊद की मौजूदगी हमेशा से ही कराची की एक चुनिंदा जगह पर है। दाऊद के जो 6 फोन नंबर दिए गए हैं, उनमें चार लैंडलाइन और दो मोबाइल नंबर हैं। ये सभी फोन नंबर खुद दाऊद ने नाम से लिए गए हैं। इसके अलावा भारतीय एजेंसियों ने पाकिस्तान को दाऊद इब्राहिम से जुड़े पाकिस्तान को करीब दस बड़े बिजनेसमैन की लिस्ट भी दी है। इनके साथ दाऊद पाकिस्तान और दूसरे देशों में रियल स्टेट का बिजनेस करता है। सूत्रों के मुताबिक, अपनी बिजनेस डील के लिए दाऊद इन बिजनेसमैन के साथ कराची के अपने घर में कई बार मीटिंग कर चुका है। भारतीय अधिकारियों ने इन बिजनेसमैन से भी पूछताछ करने को कहा है, जिससे कि दाऊद के पाकिस्तान में ही होने का सच सामने आ सके। अपराधों की दुनिया से निकला डॉन दाऊद इब्राहिम अपनी डी कंपनी को किसी सीईओ की तरह चला रहा है। दुनिया के तमाम देशों में उसके अवैध धंधे फैले हुए हैं। खेती से लेकर रियल इस्टेट, पायरेसी और गुटखे के कारोबार में उसका पैसा लगा हुआ है। करीब एक लाख करोड़ रुपये का डी कंपनी का कारोबार है। उसका काला साम्राज्य पचास से ज्यादा देशों में फैल चुका है। प्रधानमंत्री मोदी ने यूएई प्रशासन को उसकी 50 संपत्तियों की सूची सौंपी थी। यूएई में दाऊद ने कई निर्माण कंपनियों, मॉल और तेल कंपनियों में निवेश कर रखा है। यही नहीं सूत्रों के मुताबिक दाऊद अफ्रीका और दुबई के जरिए हीरों का व्यापार भी करता है। ये भी पता चला है कि वह अफ्रीका के अशांत क्षेत्रों में अवैध तरीके से निकाले वाले हीरों के कारोबार को बढ़ावा दे रहा है। अंडरवर्ल्ड डॉन का ये साम्राज्य दुनिया के चार महाद्वीपों में फैला हुआ है। तुर्की, स्पेन, मोरक्को, साइप्रस, अफ्रीका, यूएई, नेपाल, थाइलैंड और सिंगापुर तक फैला है। सूत्रों के मुताबिक, नेपाल के काठमांडू के पास थामेल और सोनधरा में डी कंपनी के 1000 से ज्यादा डांस बार हैं। नेपाल के पोखरा में डी कंपनी कैसीनो चलाती है। यही नहीं नेपाल स्टॉक एक्सचेंज में भी दाऊद का पैसा लगा हुआ है। चीन में शंघाई के बाहरी इलाके में 2010 में ही दाऊद ने कपड़ा फैक्ट्री खोली। डी कंपनी का ये कपड़ा भारत में बेचा जाता है। कहा जाता है कि उसने पाकिस्तानी रेलवे को संकट से निकालने में मदद की थी। दाऊद के पूरे साम्राज्य का जो आकलन है वो हैरानी में डालने वाला है। उसका पूरा कारोबार एक लाख करोड़ रुपये के आसपास है। दुबई के मनखूल इलाके में दाऊद की 160 करोड़ की संपत्ति है। 750 मिलियन डॉलर की संपत्ति दाऊद की बहन हसीना पारकर के नाम पर है। 2013 की खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक उस वक्त दाऊद का सालाना टर्नओवर 2 हजार करोड़ रुपये का था।

## आलिया को धमकी...

जानकारी के मुताबिक, यूपी के लखनऊ का रहने वाला संदीप साहू टीवी सीरियल में काम की तलाश में मुंबई आता-जाता रहता था। लेकिन जब उसे कहीं काम नहीं मिला, तो उसे महेश भटट् को धमकी देने का आइडिया आया। उसने इंटरनेट से महेश भट्ट का फोन नंबर सर्च किया और उनकी पत्नी-बेटी की जान मारने की धमकी देकर 50 लाख रुपये मांगे।बीते बुधवार को महेश भट्ट ने जुहू पुलिस स्टेशन में जबरन वसूली का मामला दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज करते हुए भट्ट परिवार का स्टेटमेंट भी रिकॉर्ड कर लिया। इसके बाद इस केस को मुंबई पुलिस की एंटी एक्सटोर्शन सेल (अठउ) को ट्रांसफर कर दिया गया। महेश भट्ट ने ट्विटर पर भी इस मामले और पुलिस के सहयोग की जानकारी दी। महेश के भाई मुकेश भट्ट ने बताया कि हमें कलाकार होने की कीमत चुकानी पड़ती है। खुद को एक बड़े गैंग का लीडर कहने वाले शख्स ने 50 लाख रुपये की मांग की थी। शुरूआत में महेश भट्ट ने इसे मजाक समझा, लेकिन फिर उस शख्स ने व्हाट्सएप पर मैसेज भेजा। उसने कहा कि धमकी को हल्के में न लें, वह उनकी बेटी-पत्नी पर कई राउंड गोलियां चलाएगा। उसने लाखों दूसरे नौजवानों की तरह एक्टिंग में अपना हाथ आजमाने की कोशिश की। वो मुंबई पहुंचा। उसने लाखों रुपये खर्च किए। लेकिन इसके बावजूद जब उसे कामयाबी नहीं मिली, तो घर लौट कर उसने बॉलीवुड से अपने पैसे वापस निकालने का फैसला किया। इसके बाद महेश भट्ट को धमकी भरा फोन कर दिया। लेकिन पुलिस ने जल्द ही इस कहानी का दी एंड कर दिया।

# गोरखपुर में अमित शाह और योगी आदित्यनाथ का शक्ति प्रदर्शन

यूपी के गोरखपुर में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह और योगी आदित्यनाथ के रोड शो से पहले स्थानीय प्रशासन ने बीजेपी के झंडे और पोस्टर उतार दिए। खैर लड़ाई-झगड़े के बाद रोड शो शुरू हुआ। अमित शाह और योगी आदित्यनाथ ने रोड शो में शक्ति प्रदर्शन किया। लड़ाई तब शुरू हुई जब रैली में आगे रहने को लेकर बीजेपी के दो कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। इसके बाद ही माहौल गरम हो गया था। साथ ही सबसे बड़ी वजह यह थी कि यहां के सरकारी भवनों और प्रोपर्टी पर बीजेपी के झंडे और पीएम नरेंद्र मोदी सहित बड़े नेताओं के कट्आउ्टस लगा दिए गए थे। जब पुलिस इन्हें हटाने गई



तो लड़ाई शुरू हो गई। पुलिस का तर्क था कि चुनाव आयोग से यहां बैनर और पोस्टर लगाने की अनुमति नहीं है।

बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री अनिल जैन के बीच-बचाव के बाद वे शांत हुए। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि रोड शो के कार्यकताओं के सख्ती से न पेश आए। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में आज छठे चरण के चुनाव प्रचार का आखिरी दिन है। आज बीजेपी नेता उमा भारती कुशीनगर और बलिया में रैली करेंगी। तो दूसरी तरफ कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल गांधी 3 जनसभाएं की, जिनमें 2 महाराजगंज में और एक पीएम के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में था। वहीं बीएसपी प्रमुख चंदौली और भदोई में रैली की। उधर पीएम मोदी भी लगातार यूपी में प्रचार कर रहे हैं। वह अपनी रैलियों में सपा-बसपा-कांग्रेस पर जमकर निशाना साध रहे हैं। खासतौर पर कांग्रेस-सपा गठबंधन को लेकर वह लगातार हमले कर रहे हैं। पीएम मोदी ने बुधवार को भी महाराजगंज की रैली में कहा कि अखिलेश का काम नहीं कारनामे बोलते हैं।

# यूपी चुनाव: सट्टेबाजों की पहली पसंद BJP, मगर बहुमत किसी को नहीं

यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर एक तरफ जहां सपा-बसपा और बीजेपी अपनी-अपनी पूर्ण बहुमत की सरकार का दावा कर रही हैं। वहीं पांच चरण के मतदान खत्म होने के बाद दिल्ली से लखनऊ तक बैठे राजनीतिक पंडित किसी दल की जीत को लेकर पुख्ता गणित नहीं बता पा रहे हैं। लेकिन इस सबके बीच सट्टा बाजार में हवा साफ नजर आ रही है। सट्टा बाजार में जो दांव खेले जा रहे हैं वहां बीजेपी अपने विरोधियों पर भारी पड़ती नजर दिख रही है। यूपी में पांच चरण का मतदान पूरा हो चुका है। इस बीच महाराष्ट्र निकाय चुनाव में बीजेपी ने जबदस्त जीत हासिल की। सट्टेबाजों का मानना है कि पांच चरणों में मतदान के बाद बीजेपी को बढ़त नजर आ रही है। यही वजह है कि अब बीजेपी के बहुमत के नजदीक आने पर दांव लगाए जा रहे हैं। दूसरे नंबर की बात की जाए तो सपा-कांग्रेस पर दांव लगाए जा रहे हैं। जबकि बसपा न सिर्फ तीसरे नंबर पर है बल्कि काफी पीछे हैं। हालांकि बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह समेत तमाम नेता यूपी में बसपा से ही अपनी टक्कर की बात कहते रहे हैं। जबकि सपा खुद बीजेपी को अपने सामने दूसरे नंबर की पार्टी होने का दावा कर चुकी है। सिर्फ यूपी में बीजेपी की बढ़त को लेकर सट्टा बाजार गर्म नहीं है। बल्कि बाकी जिन राज्यों



में चुनाव हुए हैं वहां भी बीजेपी के नाम पर दांव लगाए जा रहे हैं। सट्टेबाजों के मुताबिक यूपी, उत्तराखंड और गोवा में बीजेपी की सरकार को लेकर बाजार चढ़ रहा है। हालांकि पंजाब में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबले पर ज्यादा दांव लगाए जा रहे हैं

# मिसाइल डिफेंस सिस्टम की कामयाबी पर मोदी ने दी बधाई,

भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम को अभेद्य बनाने की दिशा में स्वदेशी इंटरसेप्टर सिस्टम के कामयाब टेस्ट को बड़ा कदम माना जा रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने इस उपलब्धि के लिए वैज्ञानिकों और देशवासियों को बधाई दी है। मोदी ने गुरुवार को ट्वीट करके लिखा, 'बलिस्टिक मिसाइल डिफेंस से जुड़ी क्षमता के कामयाब प्रदर्शन के लिए हमारे डिफेंस साइंटिस्ट्स को दिल से मुबारकबाद। इस कदम के बाद भारत उन पांच देशों के ग्रुप में शामिल हो गया है, जिनके पास यह क्षमता है। यह पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है।' बता दें कि फिलहाल, अमेरिका, रूस, इजरायल और चीन के पास इस तरह के सिस्टम हैं।

1। भारत ने बुधवार को अडवांस्ड एयर डिफेंस (एएडी) इंटरसेप्टर सिस्टम 'अश्विन' का कामयाब टेस्ट किया। इससे काफी कम ऊंचाई से आ रही दुश्मन की मिसाइल को भी तबाह किया जा सकता है।

2। यह सिस्टम भारत के बलिस्टिक मिसाइल डिफेंस (BMD) कार्यक्रम का हिस्सा है। बीएमडी कार्यक्रम 90 के दशक के अंत में शुरू हुआ था। इसमें दो स्तरों, एंडो (वायुमंडल के अंदर) और एक्सो (वायुमंडल के बाहर) पर मिसाइलों से रक्षा सुनिश्चित की जाती है।

3। एक्सो के तहत 50 से 150 किलोमीटर तक की ऊंचाई पर मिसाइल को निशाना बनाया जा सकेगा, जबकि एंडो के तहत 20 से 40 किलोमीटर की ऊंचाई पर ऐसा किया जा सकेगा।

4। एक प्लान इससे भी नीचे की मिसाइलों को निशाना बनाने की है, ताकि करीब-करीब 100 फीसदी सुरक्षा हासिल की जा सके। इस प्रोग्राम के फेज 1 के तहत 2000 किलोमीटर की रेंज रखी गई है, जिसे दूसरे फेज में 5000 किलोमीटर किया जाएगा।

5। इस प्रोग्राम के तहत 11 फरवरी को भी पृथ्वी डिफेंस वीइकल का टेस्ट किया गया था। इसमें एक्सो लेवल पर मिसाइल का टेस्ट किया गया था। तब 97 किलोमीटर की ऊंचाई पर टार्गेट मिसाइल को निशाना बनाया गया था।

6। बुधवार को एंडो स्तर पर मिसाइल को निशाना बनाया गया। उड़ीसा के अब्दुल कलाम आइलैंड से एएडी इंटरसेप्टर मिसाइल की टेस्ट फायरिंग की गई, जिसने 15 किमी की ऊंचाई पर टार्गेट को बंगाल की खाड़ी में सफलतापूर्वक निशाना बनाया।

7। ताजा टेस्ट के दौरान डिफेंस सिस्टम के मिसाइल ने उस 'दुश्मन' पृथ्वी मिसाइल को तबाह कर दिया, जिसे चांदीपुर स्थित केंद्र से दागा गया था।

# धीरज कुमार के सीरियल यारों का टशन में रोमांस करती दिखेगी असली पति पत्नी अनिरुद्ध दवे और शुभी आहूजा की जोड़ी।



टीवी एक्टर अनिरुद्ध दवे जो कि रुक जाना नहीं बंधन सूर्यपुत्र कर्ण जैसे शो में काम कर चुके हैं अब सब टीवी के सीरियल यारो का टशन में नजर आएंगे जिसका निर्माण किया है क्रिएटिव ऑय लिमिटेड के धीरज कुमार ने। इसमें दिलचस्प बात यह है कि वो इन दिनों काफी खुश हैं। उनकी खुशी का कारण उनकी पत्नी शुभी आहूजा हैं। क्योंकि उन्हें भी इसी शो में अपने रीयल पति के अपोजिट रोमांस करने के लिए फाइनल कर लिया गया है। जी हां आपने सही सुना। अनिरुद्ध दवे की पत्नी को उनके अपोजिट रोल के लिए साइन किया गया है यह बात उनके लिए सरप्राइज के तौर पर सामने आई। इस मामले पर बोलते हुए अनिरुद्ध ने बताया- मुझे इस बारे में कोई आइडिया नहीं था कि उसने ऑडिशन दिया है और फाइनल हुई है। हम दोनों एक सीरियल में काम करेंगे।

# यूपी : बुर्का पहनीं मतदाताओं की पहचान के लिए बीजेपी ने की महिला पुलिस की मांग

बीजेपी ने मांग की है कि मतदान केंद्रों पर बड़ी संख्या में बुर्का पहनकर आने वाली महिलाओं के पहचान पत्रों की जांच के लिए महिला पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती की जाए। यूपी बीजेपी ने इस बारे में मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र भेजा है। बीजेपी ने यूपी में छठे और सातवें दौर के मतदान के लिए संवेदनशील और अतिसंवेदनशील घोषित किए गए मतदान केंद्रों पर महिला पुलिस की तैनाती की मांग की है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जेपीएस राठौर एवं प्रशासनिक कार्य प्रमुख कुलदीप त्रिपाठी ने मुख्य चुनाव आयुक्त को इस बाबत शिकायत भेजी। शिकायत में कहा कि विधानसभा चुनाव में बड़ी संख्या में महिला मतदाता बुर्का पहनकर मतदान करने आती हैं, जिस वजह से उनकी सही पहचान करने के लिए पर्याप्त संख्या में महिला पुलिसकर्मी तैनात करना आवश्यक है, जिससे ऐसे मतदाताओं के पहचान पत्र की ठीक ढंग से जांच हो सके और फर्जी मतदान की आशंका समाप्त की जा सके। भाजपा ने मऊ तथा बलिया के संवेदनशील एवं अति संवेदनशील बूथों की सूची संलग्न कर मांग करते हुए कहा कि उक्त क्षेत्रों में बिना अर्धसैनिक बलों के निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं है। अतः चुनाव आयोग पर्याप्त संख्या में महिला पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों की तैनाती करें।

# मार्च 2018 तक 2.80 लाख नई नौकरियां देगी मोदी सरकार!

केंद्र सरकार ने करीब 2.80 लाख कर्मचारियों की बहाली के लिए बजट मुहैया करवा दिया है। इससे स्पष्ट है केंद्र सरक ार के अधीन कार्यरत पुलिस बल और टैक्स अधिकारियों की संख्या बढ़ने वाली है। 2.80 लाख नई भर्तियों में 1.80 लाख भर्तियां पुलिस, आयकर, सीमा एवं उत्पाद शुल्क विभागों के लिए होंगी। मार्च 2016 में केंद्र सरकार के कुल 55 विभागों और मंत्रालयों में 32.84 लाख स्टाफ कार्यरत थे। इनमें रेलवे के 13.31 लाख कर्मचारी भी शामिल हैं, लेकिन इस आंकड़े में डिफेंस फोर्सेज शामिल नहीं हैं। अगर भर्ती का लक्ष्य हासिल कर लिया गया तो अगले एक साल में यानी मार्च 2018 तक केंद्रीय कर्मियों की तादाद बढ़कर 35.67 लाख हो



जाएगी। सरकार की नजर में कानून लागू कराने वाली एजेंसियों को मजबूती करना प्राथमिकता है, क्योंकि पुलिस बलों (केंद्रीय अर्धसैनिक बल और दिल्ली पुलिस) का विस्तार कर इनकी मौजूदा तादाद 10.07 से बढ़ाकर मार्च 2018 तक 11.13 लाख करने के लिए बजट आवंटित हो चुका है। नोटबंदी के बाद काले धन के खिलाफ अभियान में शामिल इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की मौजूदा ताकत 46 हजार से बढ़कर मार्च 2018 तक 80 हजार होने की उम्मीद की जा रही है।

इसी तरह, मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी टैक्स कानून जीएसटी लागू करने की जिम्मेदारी वाले सीमा एवं उत्पाद शुल्क विभाग की भी श्रम शक्ति बढ़ाने की योजना है। मार्च 2018 तक विभाग के लिए 41 हजार नई भर्तियां की जाएंगी। इससे विभागीय कर्मचारियों की मौजूदा संख्या 50,600 से बढ़कर अगले एक साल में 91,700 तक पहुंचने का उम्मीद है।

# अखिलेश यादव का पीएम को जवाब, कहा - कोई काम ना करना ही मोदी का सबसे बड़ा कारनामा

उत्तर प्रदेश चुनाव में दो चरणों का मतदान होना शेष है लेकिन राजेनताओं द्वारा एक दूसरे को निशाना बनाए जाने में कोई कमी आती नहीं दिख रही। नए मामले में राज्य के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। अखिलेश यादव ने काम नहीं, कारनामे बोलते हैं के सवाल पर घेरने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जवाब देते हुए कहा कि कोई काम ना करना ही मोदी का सबसे बड़ा कारनामा है। अखिलेश ने नगरा क्षेत्र में सपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभा में कहा कि मोदी जी हमारे कारनामे बताते हैं लेकिन उन्होंने अपने काम का अब तक कोई हिसाब-किताब नहीं दिया। मोदी विकास पर बहस करने से भाग रहे हैं। दरअसल कोई काम ना करना ही मोदी का सबसे बड़ा कारनामा है। अगर वह हमारे कारनामे को देखना चाहते हैं तो आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर आइये, जो हमने बनाया है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में बिजली आपूर्ति में भेदभाव का आरोप लगाने वाले प्रधानमंत्री ने अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी में 24 घंटे बिजली आने को लेकर अब तक गंगा मैया की कसम नहीं खायी है। इसका मतलब है कि वह इस सवाल पर लड़ाई नहीं लड़ पा रहे हैं। उन्होंने मोदी को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की व्यावहारिकता के मामले पर घेरते हुए कहा कि मोदी अपनी हर सभा में कह रहे हैं कि उन्होंने गरीब महिलाओं को रसोई गैस सिलिंडर और चूल्हा दिया है। यह सच है, लेकिन गरीबों ने सिलिंडर और चूल्हा इस्तेमाल करने के बजाय अलमारी में रख लिया है, यह सोचकर कि जब बेटी की या घर में किसी और की शादी होगी तो दहेज में दे देंगे।

# कैसे आईवीएफ तकनीकों ने सुलझाई महिलाओं की समस्या ?

कई बार महिलाएं संतान पैदा करने में शारीरिक रूप से सक्षम नहीं होतीहै उनके लिए आईवीएफ तकनीक बेहदकारगर साबित होती है । आईवीएफ उपचार सेमहिलाओं में गर्भावस्था के अवसर बढ़ जाते है। डॉक्टर सर्जिकल प्रक्रिया के माध्यम से परिपक्व अंडे को प्रयोगशाला में रख देते है फिर पुरुष के शुक्राणु के साथ हस्तांतरण करते है । पाँच दिनों के बाद, एक या दोविकसित भ्रूण को महिला के गर्भाशय में प्रविष्ट किया जाता है। लेकिन बदलते वक्त में अधिक से अधिक भ्रूण आरोपित किए जाते है,जिससे भविष्य में उपयोग के लिए बचाया जा सके । चलिए, कुछ और नई तकनीकों के बारे में जानते है -

**आनुवंशिक स्क्रीनिंग-**


इंटरनेशनल फर्टिलिटी सेंटर की चेयरपर्सनडॉक्टर रीटाबख्शी का मानना है कि पिछले कई वर्षों से आईवीएफ में सबसे महत्वपूर्ण तरक्की भ्रूण बायोप्सी और आनुवांशिक विश्लेषणमें देखी गई है। प्रारंभिक चरण मेंभ्रूण अच्छादिखाई पड़ता हैं लेकिन अंतिम चरणों में क्रोमोसोमलअसामान्यताएंपनप जाती है। जिससे डाउन सिंड्रोम जैसी बीमारियों की संभावनाएं बढ़ जाती है।खास तकनीकों के जरिए ,सुरक्षित रूप से एक भ्रूण की आनुवांशिक जांच की जाती है, डॉक्टर भ्रूणहस्तांतरण के लिए केवल क्रोमोसोमल सामान्य भ्रूण को महिलाओं के गर्भाशय में आरोपित करतेहै । इस हिसाब से गर्भपात होने का खतरा 50 प्रतिशत कम हो जाता है ।

**फ्रोजन भ्रूण :**

असिस्टेड रिप्रोडक्शन और जेनेटिक्स जर्नल के मुताबिक , वैज्ञानिकों ने पाया है कि मासिक चक्र के दौरान महिला के गर्भाशय में फ्रिज भ्रूण को स्थानांतरित किया जाए तोगर्भावस्था में सकारात्मक परिणाम मिलने की संभावनाहोगी ।आनुवंशिक स्क्रीनिंग के बाद फ्रोजन भ्रूण जैसी वैज्ञानिक प्रक्रिया है जिसमें भ्रूण को फ्रिज किया जाता है , और आने वाले कल में प्रयोग कर सकते है ।

# IS की हार के बाद बगदादी ने लड़ाकों से कहा, भाग जाओ या खुद को उड़ा लो

खूंखार आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) के सरगना बकर अल-बगदादी ने गठबंधन सेना से चल रहे युद्ध में अपनी हार स्वीकार कर ली है। इराकी मीडिया में आ रही खबरों के अनुसार, इराक के मोसुल शहर में इराकी, कुर्द और अमेरिकी सैनिकों की गठबंधन सेना से घिरा बगदादी पूरी तरह हताश हो चुका है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, बगदादी ने अपने लड़ाकों से कहा है कि वो या तो इराक से भाग जाएं या आत्मघाती हमला करके अपनी जान दे दें। मोसुल इस्लामिक स्टेट के आतंकियों का आखिरी गढ़ है। इराक न्यूज की बुधवार की रिपोर्ट के अनुसार, बगदादी ने अपने लड़ाकों को दिए एक विदायी स्टेटमेंट में कहा है कि भागकर इराक और सीरिया के पहाड़ी इलाकों में छिप जाओ। बगदादी के



भाषण का स्टेटमेंट बांटा भी गया है जिसे दूसरे इलाकों में लड़ रहे आतंकियों को पढ़ कर सुनाया जाएगा। इन निर्देशों में कहा गया है कि इराकी सेना से बुरी तरह घिर चुके आईएस आतंकियों को खुद को आत्मघाती हमलावरों की तरह उड़ा देना चाहिए। मोसुल में अपने पैर उखड़ते देख बगदादी के वरिष्ठ कमांडर सीरिया और इराक की सीमा की तरफ भागने की कोशिश कर रहे हैं। इराकी सेना ने 19 फरवरी को पश्चिमी मोसुल को इस्लामिक स्टेट के चंगुल से आजाद कराने के लिए नए सिरे से हमला किया था। इराकी सरकार ने जनवरी में घोषणा की थी कि तीन महीने की कड़ी लड़ाई के बाद पूर्वी मोसुल पर दोबारा नियंत्रण हासिल कर लिया गया है। इस्लामिक जिहादी संगठन इस्लामिक स्टेट 2014 में तेजी से उभरा। इस आतंकी संगठन ने देखते ही देखते दो सालों में इराक और सीरिया के बड़े भूभाग पर कब्जा कर लिया। आईएस के सरगना बगदादी ने खुद को खलीफा घोषित कर दिया।

# संघ प्रचार प्रमुख का फरमान- 'केरल के सीएम का सिर लाने वाले को मिलेगा इनाम'

उज्जैन के आरएसएस महानगर प्रचारक प्रमुख कुंदन चंद्रावत ने एक सभा से ऐलान किया कि जो व्यक्ति केरल के सीएम का सिर काटकर लायेगा। उसे एक करोड़ का इनाम दिया जाएगा। कुंदन चंद्रावत ने केरल के सीएम को आरएसएस प्रचारक और कार्यकर्ताओं की हत्या को दोषी ठहराते हुये कहा कि वो क्या समझते हैं कि हिंदूओं के खून में वो जज्बा नहीं है। चंद्रावत के मुताबिक ऐसे गद्दार का सिर लाने पर मकान और संपत्ति उसके नाम कर देंगे। चंद्रावत ने कहा कि क्या भूल गये गोधरा को, 56 मारे थे, दो हजारो को कब्रिस्तान पहुंचा दिया इसी हिंदू समाज ने। 300 प्रचारकों और कार्यकर्ताओं की हत्या की है तुमने, तीन हजार को मारेंगे। सुन लो वामपंथियों। डा। चंद्रावत आक्रोश सभा की समाप्ति पर पत्रकारों से कहा कि यह उनके निजी विचार थे। उन्होंने अपने बयान को भगत सिंह के बम फेकने की घटना जैसे विस्फोटक बताया। उन्होंने कहा कि उन्हें जानना चाहिए कि हिंदू सो नहीं रहे हैं। चंद्रावत के बयान का सीताराम येचुरी ने विरोध किया। सीताराम येचुरी के मुताबिक आरएसएस की ओर से एक राज्य के सीएम को डराया जा रहा है। ऐसा इसलिए संभव है क्योंकि सरकार का संरक्षण प्राप्त है। केरल के सीएम विजनन ने चंद्रावत के बयान पर कहा कि इससे पहले भी आएएसएस ने कइयों के सिर काटे हैं। 'बता दें कि मध्य प्रदेश से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेता ने केरल के मुख्यमंत्री और मध्य प्रदेश से वरिष्ठ वाम नेता पी विजयन को राज्य में लगातार अपने सदस्यों की हो रहे हत्या के लिए जिम्मेदार मानते हुए यह विवादित बयान दिया है।

पिछले सप्ताह विजयन ने कहा था कि आरएसएस समेत दक्षिणपंथी संगठन कई सालों से देश के विभाजन की कोशिश कर रहे हैं। आरएसएस ने मुसोलिनी के संगठनात्मक ढांचे और हिटलर की विचारधारा को अपना लिया है। दोनों तानाशाहों ने दुनिया को आतंकित कर दिया था। विजयन ने कहा, महात्मा गांधी को मारने वाले नाथूराम गोडसे आरएसएस का हथियार था।

# DU विवाद: ABVP के मार्च में हिस्सा लेने पहुंचे स्वामी ओम, लौटाए गए

दिल्ली यूनिवर्सिटी में सियासत अब भी सुलग रही है। कैंपेस में एबीवीपी का 'सेव डीयू' मार्च शुरू हो गया है। मंगलवार को वामपंथी संगठनों ने एबीवीपी के खिलाफ इसी तरह का प्रदर्शन किया था। विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर डीयू कैंपस में अर्धसैनिक बल तैनात किये गए हैं। रैली के पूरे रूट पर पुलिस की भारी तैनाती है। छात्रों को कानून ना तोड़ने की सख्त हिदायत दी गई है। खबरों के मुताबिक नॉर्थ कैंपस के सभी मेट्रो गेट बंद कर दिये गये हैं। बिग बॉस फेम स्वामी ओम भी प्रदर्शन में शामिल होने कैंपस पहुंचे थे मगर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने उन्हें लौटा दिया।



**ये है मार्च का रूट**

एबीवीपी का मार्च आर्ट फैकल्टी से शुरू हुआ। प्रदर्शनकारी विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन से होते खालसा कॉलेज, मिरांडा कॉलेज, एसआरसीसी, डीआरसी, रामजस कॉलेज और फिर आर्ट फैकल्टी में स्वामी विवेकानंद की मूर्ति तक मार्च करेंगे। एबीवीपी के मुताबिक मार्च के जरिये छात्रों से 'कम्युनिस्ट ब्रिगेड के भारत-विरोधी एजेंडा' के खिलाफ आवाज उठाने का आह्वान किया जा रहा है। संगठन का दावा है कि ये आम छात्रों का प्रदर्शन है और टीचर भी अच्छी खासी तादाद में इसमें शिरकत कर रहे हैं।

22 फरवरी को रामजस कॉलेज के कैंपस में वामपंथी छात्र संगठन अकरअ और एबीवीपी के बीच झड़प हुई थी। विवाद एक सेमिनार में जेएनयू नेता शेहला रशीद और उमर खालिद की शिरकत को लेकर शुरू हुआ। सेना के शहीद की बेटी गुरमेहर कौर के एबीवीपी के खिलाफ वायरल पोस्ट के बाद मसले ने और तूल पकड़ लिया था।


दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

### डीआरडीओ में बोले पर्रिकर

# भारत पर रासायनिक और जैविक हमले का खतरा नहीं

**नई दिल्ली।** डीआरडीओ में बोलते हुए रक्षा मंत्री मनोहर पर्रिकर ने कहा कि देश के ऊपर भले ही परमाणु, रासायनिक या जैविक खतरा न हो, हमें हर समय इन खतरों से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए।

अफगानिस्तान के कुछ हिस्सों में रासायनिक हमले के बारे में उन्होंने कहा कि कुछ फोटो के जरिए उनतक ये जानकारी सामने आई है। ये बताया जा रहा है कि अफगानिस्तान में कुछ लोगों के शरीरों पर फफोले हैं जिसके पीछे रासायनिक हथियारों से किया गया हमला हो सकता है। लेकिन अभी पुख्ता तौर पर कुछ कह पाना मुश्किल है।



## रासायनिक हमले से कैसे बचें

यदि संभव हो तो तुरंत प्रभावित क्षेत्र या उस जगह को परिभाषित करने का प्रयत्न करें जहाँ से रसायन आ रहा है। तुरंत दूर जाने की कार्रवाई करें। यदि रसायन उस इमारत के भीतर है जिसमें आप हैं तो यदि संभव हो तो दूषित क्षेत्र से गुजरे वगैर इमारत के बाहर आ जायें। यदि आप उस क्षेत्र से गुजरे वगैर इमारत के बाहर नहीं आ सकते हैं या ताजी हवा प्राप्त नहीं कर सकते हैं जहाँ आपने रासायनिक हमले के संकेत देखे हैं, तो बेहतर होगा कि जितना जल्दी संभव हो सके दूर हट जायें और शरण लें। यदि आप बाहर हैं तो तुरंत निर्णय करें कि साफ हवा पाने का सबसे तेज तरीका कौन सा है। क्षेत्र के बाहर आने पर विचार करें या फिर आपको सबसे भीतर की इमारत के अंदर जाकर शरण लेनी चाहिये।

## रासायनिक हमले का खतरा

इस्लामिक स्टेट आतंकवादी समूह अधिक से अधिक लोगों को हताहत करने के लिए ब्रिटेन में रासायनिक हमले की साजिश रच रहा है।ब्रिटेन के सुरक्षा मामलों के प्रभारी मंत्री बेन वालेस ने कहा कि इस्लामिक स्टेट ने सीरिया और इराक में रासायनिक हथियारों का इस्तेमाल किया था और खुफिया प्रमुखों का मानना है कि उसकी ब्रिटेन में इनका इस्तेमाल करने की इच्छा है। उन्होंने कहा कि आईएस या दाएश की आकांक्षा निश्चित तौर पर अधिक से अधिक लोगों को हताहत करने वाला हमला करने की है। वे अधिक से अधिक लोगों को नुकसान पहुंचाना और अधिक से अधिक लोगों को आतंकित करना चाहते हैं। वह बिना किसी नैतिकता के आबादी के खिलाफ रासायनिक हथियारों का इस्तेमाल करते हैं और अगर वे कर सके तो वे इस देश में करेंगे।

# राहुल के बयान पर मोदी की चुटकी से कांग्रेस नाराज



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से उत्तर प्रदेश के महाराजगंज में राहुल गांधी के तथाकथित नारियल वाले बयान पर लिए गए चुटकी को झूठ बताते हुए कांग्रेस ने कहा है कि राहुल ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया। कांग्रेस की ओर से रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि राहुल ने मणिपुर की रैली में नारियल से जूस निकालकर लंदन में बेचने वाला कोई बयान नहीं दिया है।

पीएम मोदी झूठ बोल रहे हैं। सुरजेवाला ने राहुल की मणिपुर रैली के एक वीडियो को ट्विटर पर शेयर करते हुए कहा कि पीएम यूपी में झूठ का जूस निकाल कर लोगों को पिलाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन मोदी जी क्या जाने सच का रस, उसका स्वाद अलग ही होता है।

### शराब बंदी जागरूकता अभियान

# जनता को कला जत्थे ने किया जागरूक

**समस्तीपुर (धर्मेन्द्र कुमार )।** जिले भर में इन दिनों शराबबंदी पर आधारित कार्यक्रम मद्यनिषेध जागरूकता अभियान कला जत्थे के माध्यम से चलाया जा रहा है । जिले भर मे 95 पंचायतों में कला जत्थे के माध्यम से शराबबंदी जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इस कडी में आज रोसरा के प्राथमिक विद्यालय मिजार्पुर के प्रांगण में चेतना सभा एवं संस्कृति कलाकारों के द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

कलाकारों के द्वारा शराब नहीं पीने और शराब से होने वाली अन्य बीमारियों व अन्य कारणों का उल्लेख करते हुए ग्रामीणों को बताया गया । साथ ही कलाकारों के द्वारा सरकार के द्वारा बनाई गई शराब बंदी पर कानून के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया गया ।कलाकारों में विजय राम ,राम सकल महतो, अमरजीत कुमार, मुकेश कुमार ,पंकज कुमार,किशोर कुमार, रामबालक महतो, रामू, सीताराम, विकास कुमार,संगीता कुमारी, पूजा कुमारी, प्रीति कुमारी एवं अन्य कलाकार ।लोगों को गीतों के माध्यम से शराबबंदी के लिए जागरुक किया। वहीं दूसरी ओर विभूतिपुर प्रखंड में भी आरसी प्रसाद कला जत्था के द्वारा भी जागरुकता अभियान चलाया गया।

प्रखंड के सिंघिया बुजुर्ग उत्तर पंचायत के प्राथमिक मध्य विद्यालय साहनी टोल वार्ड नंबर 9 के प्रांगण में भी कलाकार सोनी कुमारी, मनोज कुमार, अविनाश कुमार, मीरा कुमारी ,राजेश कुमार, सुनील कुमार, कमलेश कुमार, प्रभात सज्जन, उमेश, विभादेवी, रीना देवी, सोनी देवी, जयचंद कुमार एवं टीम लीडर राजेश कुमार। वह जीवका के जीवछ कुमार जीविका दीदी सुषमा कुमारी व्यवस्थापक उमेश कुमार सिंह टोला सेवक अर्जुन चौधरी ,रंजीत कुमार ,बैजनाथ बैठा कार्यक्रम के दौरान विद्यालय पर उपस्थित थे ।

### 'शादीशुदा महिलाओं के कारण

# दूसरों की पढ़ाई होती है प्रभावित, नहीं मिलेगा प्रवेश

हैदराबाद। तेलंगाना सरकार ने कहा है कि केवल अविवाहित महिलाएं राज्य के समाज कल्याण आवासीय डिग्री कॉलेजों में अध्ययन करने के लायक हैं। हैरानी वाली बात यह है कि यह नियम एक साल के लिए है और इन आवासीय कॉलेजों में इस तरह की 4000 महिलाएं पढ़ रही हैं, यहां महिलाओं के लिए 23 आवासीय कॉलेज हैं और हर कॉलेज की क्षमता 280 स्टूडेंट्स की है। वहां स्टूडेंट्स को शिक्षा से लेकर खाना सब



मुफ्त में दिया जाता है। 75 प्रतिशत सीटें एससी और बाकी बची हुई 25 प्रतिशत सीटें एसटी/बीसी तथा सामान्य वर्ग के लिए रिजर्व हैं। तेलंगाना सोशल वेलफेयर रेजिडेंशियल एजुकेशनल इंस्टीट्यूट्स सोसाइटी (टीएसडब्ल्यूआरआईईएस) एक अधिसूचना जारी कर कहा है, ' अकादमिक वर्ष 2017-18 से बीए/बीकॉम/बीएससी फर्स्ट ईयर के डिग्री कोर्सों के लिए महिलाओं (गैरशादीशुदा) से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।' सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह कोई भूल नहीं है, अधिकारियों ने बताया कि क्यों वे अविवाहित महिलाओं के लिए प्रवेश रोक रहे हैं।

# संक्षिप्त खबर

## कभी भी हो सकती है गायत्री प्रसाद की गिरफ्तारी

**लखनऊ।** महिला से दुष्कर्म के मामले में प्रदेश सरकार के मंत्री गायत्री प्रजापति की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। उनकी गिरफ्तारी कभी भी हो सकती है। उसी दिन बेटी के साथ भी दुष्कर्म की कोशिश का आरोप है। उत्तर प्रदेश पुलिस प्रवक्ता आइजी एसटीएफ रामकुमार ने बताया कि कोर्ट ने गायत्री के मामले में जवाब दाखिल करने के लिए सात हफ्ते का समय दिया है। पुलिस साक्ष्य एकत्र कर रही है। निर्धारित समय से पहले ही कोर्ट में जवाब दाखिल किया जाएगा। रामकुमार ने कहा कि गायत्री की गिरफ्तारी कभी भी हो सकती है पुलिस के प्रवक्ता के मुताबिक कॉल डिटेल रिकॉर्ड की जांच में दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली महिला अपने साथ की लोकेशन मंत्री आवास के आसपास ही थी।

## नैनो दुनिया की सबसे तेज विकसित तकनीक

**इलाहाबाद।** विनोबा भावे रिसर्च इंस्टीट्यूट के तत्वावधान में तीन दिवसीय एनआरआई टेक्नोलॉजी मीट एवं इंटरनेशनल कांफ्रेंस बुधवार से शुरू हुई। उद्घाटन सत्र सिविल लाइंस स्थित होटल कान्हा श्याम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जापान के प्रो. हिसातोशी कोबायाशी, प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेंद्र कुमार तिवारी, अर्थ एवं प्लेनेट्री साइंसेस मिनिस्ट्री में संयुक्त सचिव डा. आनंद ए खाती और इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस मेटेरियल के निदेशक प्रो. आशुतोष तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रो. हिसातोशी कोबायाशी ने कहा कि नैनो दुनिया की सबसे तेज विकसित होने वाली तकनीक है।

## नकद जमा निकासी पर लग गया शुल्क

**कानपुर।** नोटबंदी के बाद नकद लेनदेन को हतोत्साहित करने के लिए निजी क्षेत्र की चार बैंकों ने कैश ट्रांजेक्शन पर शुल्क लेना शुरू कर दिया है। चार बार से अधिक नकद निकासी और जमा करने पर बैंक प्रति निकासी न्यूनतम 150 रुपये शुल्क और सेवा कर लेंगे। हालांकि यह शुल्क बचत खातों पर लागू होगा और उसमें भी बैंकों के प्राथमिकता प्राप्त ग्राहकों को इस बोझ से दूर रखा जाएगा। इसके अलावा बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों को इस नियम से दूर रखा गया है। वहीं चालू खाते भी इस नियम की परिधि में नहीं आएंगे। बुधवार से एचडीएफसी, आइसीआइसीआइ, एक्सिस बैंक और आइडीबीआइ बैंक ने इस नियम को लागू कर दिया है।

## नाना ने दिए थे प्रश्नपत्र और आंसरशीट

**पटना।** एसआइटी ने बीएसएससी के अध्यक्ष सुधीर कुमार के भांजे आशीष कुमार को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है, उसने पूछताछ के दौरान एसआइटी को बताया कि बीएसएससी का प्रश्नपत्र और आंसरशीट उसे हजारीबाग में नाना ने दिये थे। आशीष के दिये गये इस जवाब के बाद अब सुधीर कुमार के पिता राधा प्रसाद भी जांच के घेरे में आ गये है और एसआइटी उनसे भी पूछताछ कर सकती है। आशीष कुमार को रिमांड पर लेने की इजाजत न्यायालय द्वारा मंगलवार को ही मिल गयी थी, लेकिन जेल से उसे बुधवार की शाम एसआइटी द्वारा लाया गया। आशीष ने बताया कि प्रश्नपत्र लेने के लिए वह हरिओम, अरुण के साथ वहां गया था और फिर उसे लेने के बाद नीरज को दिया था।

## परीक्षा में शामिल न हो पाने से आहत छात्र ने की आत्महत्या की कोशिश

**भागलपुर।** मैट्रिक परीक्षा नहीं देने की कसक में बुधवार को एक छात्र ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। वह बेहोशी की हालत में प्लेटफार्म नंबर एक पर मिला। रेलवे पुलिस ने उसे जेएलएनएमसीएच में भर्ती कराया है। फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर है। बताया जा रहा है कि सन्हौला थाना अंतर्गत लक्ष्मीपुर गांव निवासी रंजीत महतो का पुत्र उत्तम पिछले साल मैट्रिक परीक्षा में फेल हो गया था। इस बार वह घर की आर्थिक हालत खराब होने की वजह से परीक्षा नहीं दे पाया। चार भाइयों में उत्तम सबसे छोटा है। उसके पिता गांव में खेती करते हैं।

## सड़क हादसे में मां और दो बच्चों की मौत

**मुजफ्फरपुर।** करजा थाना क्षेत्र के करजा चौक रोड नंबर दो के समीप बुधवार की सुबह नौ बजे डंफर से कुचलकर मां और उसके दो बच्चों की मौत हो गई। तीन माह के बादल व चार वर्षीय पार्वती की ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं मां मंजू देवी की मौत एसकेएमसीएच में इलाज के दौरान हो गई। जख्मी पिता छपरा जिले के दरियापुर थाना के परसा पुरही निवासी मनोज खलीफा का इलाज एसकेएमसीएच में चल रहा है।

# दिखने में 3 वर्ष की पर उम्र है 24 वर्ष

अनुभव होता है कि उनके घर जन्मा बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है। लेकिन कई बार ऐसा भी होता है जब बच्चे को जन्म से ही शारिरिक समस्याएं होती हैं। आज हम आपको एक ऐसी ही लड़की में बता रहे हैं जिसकी उम्र 24 वर्ष है लेकिन उसका शारिरिक विकास मात्र 3 वर्ष के बच्चे के बराबर हुआ है। दरअसल रेजिता अरियन्ति नाम की ये लड़की एक अज्ञात बीमारी से ग्रसित है। इसका वजन 20 किग्रा. है और लंबाई केवल 87 सेंमी. है। वह कुछ बोल भी नही पाती, लेकिन उसकी मां उसकी बातें समझती है।





शारिरिक विकास ठीक से न होने के कारण जब भी कोई रेजिता को देखता है तो उसे 3 साल की बच्ची ही समझता है। रेजिता के माता-पिता को 2 साल तक तो बच्ची के असामान्य होने का पता ही नहीं चला। जब उन्हें ऐसा महसूस हुआ तब तक तो काफी देर हो चुकी थी। दिखने में असामान्य के बावजूद इस बच्ची के बॉडी ऑर्गन सामान्य लड़कियों की तरह ही है, उसे हर माह पीरियडस भी होते हैं। महिलाओं की तरह उसे भी सजने-संवरने नेल पॉलिश और लिपस्टिक लगाने का बहुत शौक है।

# जमीन के नीचे छिपे राज को ढूंढ निकाला इस शख्स ने

आज हम आपको एक ऐसे ही शख्स के बारे में बता रहे हैं जिसने अपने जीवन भर की कमाई को दाँव पर लगाकर एक बहुत बड़ा निर्णय लिया। अक्सर हम अपनी नजरों के सामने पड़ी बेशकीमती चीजों की पहचान नही कर पाते। लेकिन कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जिनमें गजब का कॉन्फिडेंस होता है और उसके लिए वो कुछ भी दाँव पर लगा देते हैं। 37 साल के स्टुअर्ट विल्सन ने करीब 12 वर्ष पहले 27 लाख का एक जमीन का टुकड़ा खरीदा था। स्टुअर्ट, जो हिस्ट्री में काफी दिलचस्पी रखते हैं, उनका मानना था कि उस जमीन में मिट्टी के नीचे गहरा राज छुपा है। साउथ वेल्स में मौजूद इस 4.6 एकड़ के प्लॉट के लिए उन्होंने अपनी जिंदगी भर की कमाई लगा दी थी। काफी विश्वास के साथ उन्होंने जमीन की खुदाई का काम शुरू किया। जैसे-



जैसे ये काम आगे बढ़ रहा था, उनके इरादे मजबूत हो रहे थे। इस जमीन के नीचे कुछ ऐसा-वैसा नहीं, बल्कि एक पुराना शहर बसा था। ट्रेलेंच नाम का ये इंडस्ट्रियल टाउन खो चुका था। लेकिन स्टुअर्ट के विश्वास ने इस शहर को ढूंढकर निकाल दिया

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
व्यय अधिक होने से कर्ज लेना पड़ सकता है। प्रतिष्ठा, मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। हानि-दुर्घटना से बचें। व्यापार-व्यवसाय मंदा चलेगा।

**सिंह**
पुराने मामले निपटेंगे। व्यापार-निवेश लाभकारी होंगे। जीवनसाथी की चिंता होगी। पराक्रम से लाभ बढ़ेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**धनु**
विरोधी परेशान करेंगे। मान-सम्मान को ठेस पहुंचेगी। मनमाफिक काम नहीं बनेंगे। धैर्य रखेंगे। यात्रा में सावधानी रखें। शत्रु परास्त होंगे।

**वृष**
रुका हुआ धन वापस आ सकता है। शत्रु परास्त होंगे। यात्रा लाभकारी होगी। नौकरीपेशा को कोशिश करने पर सफलता मिलेगी।

**कन्या**
गृहस्थी का वातावरण प्रसन्नतापूर्ण रहेगा। शत्रु परास्त होंगे। नौकरी इत्यादि का परिणाम शुभ होगा। विवाद में विजय मिलेगी। प्रतिष्ठा वृद्धि होगी।

**मकर**
पराक्रम से कार्य बनेंगे। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शत्रु परेशान करेंगे। हानि-दुर्घटना से बचें। शारीरिक पीड़ा हो सकती है।

**मिथुन**
कार्य में रुचि बढ़ेगी। नई योजना बनेगी, जो लाभकारी रहेगी। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-निवेश लाभकारी होंगे।

**तुला**
हानि-दुर्घटना से बचें। व्यापार-व्यवसाय से लाभ होगा। संतान पक्ष की चिंता बढ़ेगी। नौकरी, इंटरव्यू में सफलता मिलेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**कुंभ**
शुभ-समाचार मिलेंगे। दुष्ट व्यक्तियों का साथ नुकसान देगा। यात्रा में कष्ट हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय धीमा चलेगा।

**कर्क**
राजकीय कार्य बनेंगे। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। माता को कष्ट होगा। शत्रु परेशान करेंगे। जोखिम के कार्यों में सावधानी बरतें।

**वृश्चिक**
पार्टी-दावत आदि का निमंत्रण मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग को सफलता मिलेगी। शारीरिक शिथिलता होगी। भय, कष्ट, तनाव व चिंता बने रहेंगे।

**मीन**
यात्रा लाभदायक होगी। व्यापार निवेश से लाभ होगा। इंटरव्यू-नौकरी में सफलता मिलेगी, शत्रु शांत होंगे। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

## मुंबई हलचल सुडोकू-89

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | | | | | | 1 | 6 |
| | 9 | | 1 | | 7 | 4 | 8 | |
| | | | 8 | | | 9 | | |
| | | 1 | 3 | 7 | | 5 | | |
| 2 | | | 5 | 6 | | | | |
| | 4 | 7 | | | 2 | 6 | | |
| 3 | | | 4 | 8 | 9 | | | |
| 9 | | | | | | | 4 | 7 |
| | | | | 3 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक्क आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3*3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रहे।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### मुंबई हलचल सुडोकू-88 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 8 | 7 | 5 | 4 | 9 | 6 | 2 | 1 |
| 4 | 5 | 1 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 8 |
| 6 | 9 | 2 | 1 | 7 | 8 | 3 | 4 | 5 |
| 5 | 3 | 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 4 |
| 9 | 1 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 8 | 2 |
| 2 | 7 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 1 | 4 | 5 | 3 |
| 8 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 3 | 7 | 2 | 5 | 8 | 9 | 6 |

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# पेट खराब होने पर अपनाएं ये घरेलू नुस्खे



**अक्सर बाहर का चटपटा खाना खाने या फिर तीखा खाना खाने के कारण पेट खराब हो जाता है। पेट खराब होने पर आपको बार-बार टॉयलेट जाना पड़ता है जिससे कि शरीर का सारा पानी बाहर निकल जाता है। ऐसे में शरीर के अंदर काफी कमजोरी आ जाती है। इस समस्या को दूर करने के लिए कई लोग दवाइयों का भी सेवन करते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस समस्या को बिना दवाई के भी ठीक किया जा सकता है। जी हां, बिल्कुल आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताएंगे जिसे अपनाकर इस समस्या को जल्दी से ठीक किया जा सकता है।**

**अदरक**
पेट खराब होने पर अदरक वाली चाय का सेवन करें। इसका सेवन करने से आपको काफी राहत महसूस होगी।

**सूप**
जब भी अगर पेट खराब हो तो चिकन सूप को पीना ना भूलें। क्योंकि यह हमारे शरीर के अंदर कोटिंग का काम करता है।

**केला**
केले के सेवन से शरीर में पानी की कमी नहीं आती। इसलिए पेट खराब होने पर इसका सेवन जरूर करें।

**दही**
पेट खराब होने पर दही का सेवन करें। क्योंकि दही पाचन क्रिया को सही रखने में मदद करता है।

**गाजर का जूस**
जब भी पेट खराब हो तो गाजर के जूस का सेवन जरूर करें।

**जीरा**
एक गिलास गुनगुने पानी में आधा चम्मच जीरा डाल कर इसका सेवन करें। ऐसा करने से कुछ ही समय में आपका पेट ठीक हो जाएगा।

# पीने के लिए बेस्ट है घड़े का पानी



**आज** भी ऐसे बहुत सारे लोग हैं जो फ्रिज में लगे ठंडे पानी की बजाए घड़े का पानी पीते हैं। यह सही भी है। घड़े का पानी सेहत के लिए बेस्ट भी है। दरअसल, घड़ा मिट्टी से बना होता है और मिट्टी में कई प्रकार के रोगों से लड़ने की क्षमता पाई जाती है। मिट्टी में ऐसे कई गुण पाए जाते हैं, जो शरीर की कई आवश्यकताओं को पूरा कर उसे स्वस्थ बनाने में मदद करते हैं।

**1. पाचन दुरुस्त**
अगर नियमित रूप से इसके पानी का सेवन किया जाए तो रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और पाचन क्रिया दुरुस्त होती है।

**2. गला खराब**
फ्रिज का ठंडा पानी गले को बुरी तरह से प्रभावित करता है। इससे गले की कोशिकाओं का ताप अचानक गिर जाता है जिससे गला खराब हो जाता है। लेकिन घड़े का पानी पीने से गला अच्छा रहता है।

**3. गर्भवती महिलाएं**
गर्भवती महिलाओं को फ्रीज में रखे बेहद ठंडे पानी को पीने की सलाह नहीं दी जाती। इस दौरान अगर वे घड़े के पानी का सेवन करती हैं तो यह उनके लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है।

**4. थकावट दूर**
इस पानी को पीने से थकान दूर होती है। इसे पीने से सिर में भारीपन की समस्या भी नहीं होती।

**जरूरी बात**
जिन लोगों को अस्थमा की समस्या हो वे इस पानी का सेवन न करें क्योंकि इसकी तासीर काफी ठंडी होती है जिससे कफ या खांसी बढ़ती है। इस पानी की जगह आप ताजे पानी का सेवन कर सकते हैं।

# मर्दों को समझ नहीं आती महिलाओं की ये बातें

**शादीशुदा** जिंदगी में कुछ बाते ऐसी होती है, जिन्हें पुरूषों को हर बात कह कर समझानी पड़ती है। क्योंकि महिलाओं की कुछ बाते ऐसी होती हैं जो पुरूष समझ नहीं पाते। आज हम आपको महिलाओं की कुछ ऐसी बाते बताएंगे, जिन्हें अक्सर समझने में पुरूष गलती कर देते हैं।

**1. गुस्से का मतलब गुस्सा नहीं**
पुरुष अपनी भावनाओं को सीधे तौर पर जाहिर कर देते है लेकिन महिलाएं इससे कुछ उल्लट होती है। वह गुस्से में आपको बोल रही है तो इसका मतलब यह नहीं कि वह असल में आपसे गुस्सा है। हो सकता है कि वे किसी बात से परेशान हो।

**2. बिन कहे समझ लें**
हर महिला चाहती है कि उसे किसी भी चीज के लिए अपने पति से ना कहना पड़े। पति बिना कहें ही उसे वो चीज लाकर दे दें।

**3. खर्चों का हिसाब**
महिलाओं को दूसरों के खर्चों का हिसाब रखना तो पसंद होता है लेकिन अगर कोई उनसे खर्चे का हिसाब मांगे तो उनको गुस्सा आने लगता है।

**4. दूसरी औरत की प्रशंसा**
महिलाए चाहें खुलकर इस बात को न कहें लेकिन किसी भी औरत को यह बात बिल्कुल पसंद नही होती कि उसका पति किसी दूसरी औरत की प्रशंसा करें।


# आंखों की रोशनी छीन लेगी आपकी 5 बड़ी गलतियां

**आंखें** कुदरत की हमें सबसे अनमोल देन है क्योंकि आंखों की वजह से ही हम अपने आस पास के सुंदर नजारों को देख सकते हैं लेकिन बदलती लाइफस्टाइल और बिजी शैड्यूल के चलते हम अपनी आंखों की देखभाल नहीं करते जितना उसे जरूरत होती है। लगातार कंप्यूटर स्क्रीन के आगे बैठने से आंखे थक जाती है जिससे आंखों में लालगी या रोशनी कम होने लगती है। अगर आप भी आंखों से जुड़ी ऐसी ही गलतियां करते हैं तो जरा संभल जाएं ताकि इन्हें खराब होने से बचाया जा सकें।

**1. आंखों का चेकअप**
भले ही आपकी आंखें स्वस्थ हो लेकिन फिर भी रूटीन चैकअप करवाना ना भूलें
जो लोग चश्मों का इस्तेमाल करते हैं उनके लिए आंखों के साथ चश्मे की जांच करवाना भी बहुत जरूरी है।

**2. रात को आई मेकअप हटाएं**
अधिकतर औरतें आंखों को आकर्षित बनाने के लिए उन पर मेकअप करती हैं। इसके लिए आईलाइनर, काजल और आई शैडो आदि का इस्तेमाल करती हैं लेकिन सोने से पहले इन्हें अच्छी तरह साफ करें। इससे आंखों को कोई नुकसान नहीं होगा।

**3. दूसरों का चश्मा न लगाएं**
कई बार लोग गलती से किसी दूसरे का चश्मा पहन लेते हैं जिससे आंखों की कई समस्याएं हो सकती है क्योंकि हर व्यक्ति के चश्मे का



नंबर अलग-अलग होता है इसलिए अन्य व्यक्ति का चश्मा इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

**4. अच्छे ब्रांड का आई मेकअप**
अच्छे ब्रांड का ही आई मेकअप इस्तेमाल करें। सस्ते में मिलने वाले ये प्रॉडक्ट्स आंखों को बहुत नुकसान पहुंचाते हैं।

**5. बिना परामर्श आई ड्राप ना डालें**
कुछ लोग बिना डॉक्टर की सलाह से आंखों में आई-ड्राप डालते हैं जोकि बहुत गलत है। इससे कई बार इंफैक्शन दूर होने की बजाए आंखों में एलर्जी हो जाती है, जिससे आंखें खराब हो सकती है।




# रोहित शर्मा हुए फिट, विजय हजारे ट्रॉफी के जरिये करेंगे वापसी

**मुंबई,** टीम इंडिया के लिहाज से यह अच्छी खबर मानी जा सकती है। जांघ की चोट और सर्जरी के कारण तीन महीने क्रिकेट से दूर रहने वाले भारतीय बल्लेबाज रोहित शर्मा बहुत जल्द ही क्रिकेट में वापसी करेंगे। रोहित शर्मा ने कहा है कि वह इस समय चल रहे घरेलू टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी के जरिये मैदान पर वापसी करेंगे। मुंबई के इस बल्लेबाज ने कहा कि वह विजय हजारे ट्रॉफी में मुंबई के अंतिम दो मैचों में हिस्सा लेंगे। रोहित को न्यूजीलैंड के खिलाफ 29 अक्टूबर को खेले गए पांचवें और आखिरी वनडे मैच के दौरान चोट लग गई थी और उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी। रोहित ने ट्वीट किया, अंततः पूरी तरह स्वस्थ हो गया। मैं विजय हजारे ट्रॉफी में चार और छह मार्च को होने वाले मैचों में खेलूंगा। यहां तक पहुंचने में मेरी मदद करने वाले हर शख्स का शुक्रिया। चोट के कारण रोहित इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच, तीन एकदिवसीय और तीन टी–20 मैचों की सीरीज के अलावा बांग्लादेश के खिलाफ हुए एकमात्र टेस्ट मैच में भी नहीं खेल पाए थे। बुधवार को मुंबई ने टीम में रोहित के अलावा तेज गेंदबाज धवल कुलकर्णी, बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज विजय गोहिल और हरफनमौला खिलाड़ी विनायक बोइर को शामिल किया है।रोहित शर्मा की चोट को लेकर टीम इंडिया के कोच अनिल कुंबले भी अफसोस जता चुके हैं। उन्होंने कहा था कि रोहित के लिए बहुत दुखी हूं, क्योंकि वह टेस्ट प्रारूप में बढ़िया कर रहा था। हालांकि चोट खेल का हिस्सा होती हैं और इस पर किसी का वश नहीं है।

# टॉप 5 महान गेंदबाजों में शामिल होने से सिर्फ 5 कदम दूर हैं अश्विन

पुणे टेस्ट के दौरान दुनिया के नंबर एक गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन भले ही टॉप फॉर्म में नहीं दिखे लेकिन इसे अपवाद ही माना जा सकता है। इस बात में शायद ही दो राय हो कि बेंगलुरु में अश्विन ना सिर्फ अपनी खोई लय पाएंगे बल्कि घरेलू मैदान पर अपनी बादशाहत का परिचय दोबारा देंगे। अब तक 46 टेस्ट के करियर में 261 विकेट ले चुके अश्विन को दूसरे टेस्ट मैच को निजी तौर पर यादगार मनाने का एक अच्छा मौका भी होगा। अगर अश्विन इस टेस्ट में सिर्फ 5 विकेट लेते हैं तो वो भारतीय इतिहास के सबसे कामयाब 5 गेंदबाजों की फेहरिस्त में शामिल हो जाएंगे। फिलहाल, पांचवे नंबर पर बिशन सिंह बेदी हैं जिनके नाम 266 टेस्ट (67 मैचों में) विकेट हैं।

**बेदी के साथी भी अश्विन के हैं फैन**

1960–70 के दशक में भारत की मशहूर स्पिनर चौकड़ी के सदस्य रहे दिग्गज ऑफ स्पिनर ईरापल्ली प्रसन्ना ने मुझे कुछ दिन पहले कहा कि अश्विन में उन्हें खुद का और वेकटराघवन (एक और पूर्व दिग्गद ऑफ स्पिनर) का अक्श दिखता है। प्रसन्ना के मुताबिक हर बड़ी कामयाबी और रिकॉर्ड अश्विन को नई मंजिलें तलाशने के लिए मदद करेगा।

**बेदी के बाद भज्जी और फिर कुंबले के रिकॉर्ड का नंबर!**

अश्विन में वो माद्दा है कि वो भारत के सबसे कामयाब ऑफ स्पिनर बनें और मुमकिन ये भी है कि वो कुंबले के रिकॉर्ड को भी तोड़ डालें। हाल ही तक चयनसमिति का सदस्य रहने वाले सैयद सबा करीम ने हमें बताया कि पिछले 1 साल में अश्विन के नजरिये में जबरदस्त बदलाव आया है।

# एलेन रोज को हराकर जर्मन ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे श्रीकांत

**जर्मनी,** भारत के चोटी के शटलर के श्रीकांत ने जर्मन ओपन ग्रां प्री गोल्ड बैडमिंटन टूर्नामेंट में अच्छी शुरूआत करते हुए स्लोवाकिया के एलेन रोज को हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। श्रीकांत ने एलेन को कल रात 21 मिनट तक चले एकतरफा मैच में 24-4, 21-11 से हराया। उनका अगला मुकाबला जापान के युसुके ओंडेरा से होगा।

इस बीच शुभांकर डे ने चीन के झाओ जुनपेंग को 16-21 21-17 21-19 से हराया और अब उन्हें हांगकांग के एनजी का लोंग से भिडना पड़ेगा। हर्षित अग्रवाल ने अमेरिका के ब्योर्न सेगुन को एक अन्य मैच में 18-21 21-8 21-6 से पराजित किया। हर्षित अगले दौर में हांगकांग हु युन से मुकाबला करेगा। अन्य भारतीयों में पुरूष वर्ग में सिरील वर्मा और हर्षल दानी तथा महिला वर्ग में तन्वी लाड को बाहर का रास्ता देखना पड़ा।




# अर्जेंटीना फुटबॉल को चेतावनी, फीफा लगा सकता है बैन

**एसुनसियन,** अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ(फीफा) ने अर्जेंटीना फुटबॉल(एएफए) को चेतावनी दी है कि यदि वह अपने अध्यक्ष के चुनावों में दक्षिण अमेरिका फुटबॉल संस्था(कोनमीबॉल) को मध्यस्थ के तौर पर स्वीकार नहीं करेगा तो उस पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है। अर्जेंटीना के लिये यह चेतावनी 2018 विश्वकप क्वालिफायर में चिली और बोलिविया के खिलाफ अहम मुकाबले से मात्र तीन सप्ताह पहले आई है। उल्लेखनीय है कि एएफए ने 29 मार्च को अपने अध्यक्ष के चुनाव के लिये कोनमीबॉल के बजाय ब्यूनस आयर्स के कॉलेज ऑफ लॉयर्स को मध्यस्थ चुना है। फुटबॉल की वैश्विक संस्था फीफा और कोनमीबॉल ने अपने संयुक्त बयान में कहा है कि दक्षिण अमेरिका के सभी देशों की संस्थाएं उसके अंतर्गत आती हैं और यह अधिकार केवल उसी का है। उन्होंने कहा कि यदि उसके निदेशों का पालन नहीं किया जाएगा तो एएफए संभावित प्रतिबंध को तैयार रहे। अर्जेंटीना को 23 मार्च को घरेलू मैदान पर चिली से और पांच दिन बाद बोलिविया से उसके मैदान पर क्वालिफायर मुकाबले खेलने हैं। अर्जेंटीना टीम फिलहाल दक्षिण अमेरिकी ग्रुप के 10 राष्ट्रों में फिलहाल पांचवें स्थान पर है और जीत के साथ वह शीर्ष चार में जगह बनाना चाहती है क्योंकि शीर्ष चार टीमें ही अगले दौर के लिये क्वालीफाई करेंगी। ग्रुप में पांचवें स्थान पर रहने वाली टीम को कांटिनेंटल प्लेआफ में खेलेगी। अभी इसमें छह राउंड के मैच होने हैं।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# पंजाबी फिल्म में नजर आएंगी छोटी बहु

**मुंबई** स्टार प्लस में धारावाहिक दीया और बाती हम में भाभो की छोटी बहु आरजू के रूप में भूमिका निभाकर सुर्खियों में आई प्राची तेहलान ने कहा कि स्पोर्ट्स खिलाड़ी के रूप में मिली पहचान की बदौलत ही अब उसकी फिल्म इंडस्ट्री में एंट्री हो गई है। प्राची मई महीने में रिलीज होने जा रही पंजाबी अरजन में रोशन प्रिंस के साथ मुख्य भूमिका में दिखाई देंगी। प्राची ने आज यहां बातचीत करते हुए कहा कि 2010 में हुए कॉमनवैल्थ खेलों में उन्होंने बास्केटबाल व नैटबाल में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। 2011 में उन्होंने साऊथ एशियन खेलों में नैटबाल में सिल्वर मैडल जीतने वाली भारतीय टीम का नेतृत्व किया था। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया की बदौलत उनकी धारावाहिक दीया और बाती हम में एंट्री हुई। अचानक उन्हें सोशल मीडिया पर धारावाहिक निमार्ता-निर्देशक का संदेश आया कि वह उन्हें धारावाहिक में लेना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि धारावाहिक में काम करते समय उनका वजन काफी अधिक था। जब उन्हें पंजाबी फिल्म की ऑफर आई तो उन्होंने अपना वजन 20 किलो घटाया। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि फिट हो तो हिट हो। प्राची तेहलान ने कहा कि नई पंजाबी फिल्म रोमांटिक ड्रामा है। इसके अलावा वह एक और तमिल फिल्म में काम कर रही है। पंजाबी फिल्म में काम करने के लिए उन्होंने पंजाबी भाषा को सीखा। वह चाहती है कि जिस तरह से अमिताभ बच्चन व अन्य बड़े सितारे अपनी आवाज जनता तक पहुंचा सके हैं, उसी तरह से वह अपनी आवाज हर भाषा में जनता तक पहुंचा सके। प्राची ने कहा कि वह अब फिल्म इंडस्ट्री में ही रहना चाहती है। फिल्म इंडस्ट्री में कलाकार मजदूर की तरह काम करते हैं। एक दिन पूरा होने के बाद अगले दिन के लिए काम की तलाश रहती है। हर सुबह एक नई सुबह होती है तथा हर भूमिका एक अलग भूमिका होती है। कभी कलाकार को किसी सीन में रोना पड़ता है तो कभी हंसना। उन्होंने कहा कि फिल्म अभिनेता व अभिनेत्री का कार्य हमेशा कठिन व चुनौतीपूर्ण होता है। अभिनेत्री के सामने सबसे बड़ी चुनौती स्वयं को फिट रखने की होती है। उन्होंने कहा कि अब उनकी कोशिश है कि वह बालीवुड में अपनी छाप छोड़े। पंजाबी फिल्म आने के बाद उनके लिए कई विकल्प खुल जाएंगे। विवाह बारे पूछे जाने पर प्राची ने कहा कि उनकी हाइट 5 फुट 11 इंच है। 2 वर्ष पहले मां-बाप ने लड़का ढूंढना शुरू किया तो मेरी हाइट के अनुसार लड़का नहीं मिला। अब वह फिल्म इंडस्ट्री में आ गई है, इसलिए वह अगले कुछ वर्षों तक विवाह का कोई इरादा नहीं है, परन्तु फिर वह सब कुछ भगवान पर छोड़ती है।

### स्पोटर्स ने फिल्मी करियर दिलाया

प्रियंका चोपड़ा को आदर्श मानने वाली प्राची ने कहा कि प्रियंका ने जो करके दिखाया है, वह अन्य कोई नहीं कर सकता। प्राची ने कहा कि मैंने तो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। बालीवुड की अभिनेत्रियां जैसे दीपिका पादुकोण बैडमिन्टन की खिलाड़ी थी, नीतू चंद्रा बास्केटबाल की खिलाड़ी थी, परन्तु इनमें से किसी ने भी अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में हिस्सा नहीं लिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अभिनेत्री को 5 से 10 वर्ष तक लम्बा संघर्ष करना पड़ता है, परन्तु उन्हें तो एक ही वर्ष में पहले धारावाहिक व अब पंजाबी फिल्म मिल गई।

## साल की दूसरी सबसे बड़ी फिल्म बनी जॉली एलएलबी 2



**एक्टर** अक्षय कुमार और हुमा कुरैशी स्टारर फिल्म जॉली एलएलबी 2 कमाई के मामले में बड़ी फिल्म बन गई है। सुभाष कपूर के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने ओवरसीज मार्केट में अब तक शानदार बिजनेस किया है। बता दें कि 10 फरवरी को रिलीज हुई इस फिल्म ने दुनिया भर में अब तक 185 करोड़ रुपए से ज्यादा का कारोबार कर लिया है। 2017 में वर्ल्डवाइड कमाई के मामले में शाहरुख खान की फिल्म रईस पहले नंबर पर बनी हुई। उसके बाद अक्षय की जॉली एलएलबी का ही नंबर आता है जिसने वर्ल्डवाइड अब तक 185 करोड़ रुपए कमाए हैं। ट्रेड एनालिस्ट तरन आदर्श के अनुसार जॉली एलएलबी 2 ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 25 फरवरी तक 110.71 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया था।

## ड्रैस बनी करीना के लिए मुसीबत



बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर सोनी बीबसी अर्थ चैनल की ब्रांड एंबेसडर बनी है। इस चैनल की लॉन्चिंग पर करीना पहुंची। वह अपनी ड्रैस के डीप नेक से काफी परेशान हो गई। वह ड्रैस को बार-बार उपर नीचे करती नजर आई। इस दौरान करीना ने यहां बताया कि जब वो सोनी बीसीसी अर्थ चैनल के प्रोमो और फोटोशूट कर रही थी तो तैमूर पेट में ही था और वो चार महीने की प्रेग्नेंट थी। करीना ने कहा, हामैं चाहूंगी कि तैमूर भी ये चैनल देखे। करीना ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा, जब भी कोई अच्छी स्क्रिप्ट मिलेंगी मैं और सैफ जरूर साथ काम करेंगे।